Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ●Saturday, 27 December 2025 ●Year : 04 ●Issue : 339 ●Ranchi Edition ●Page : 12 ●Price : ₹3 ●www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

पढ़कर आदमी पढ़े-लिखे लोगों की तरह बोलने लगता है। बात करने का असली ढंग भूल जाता है।

-श्रीलाल शुक्ल

Shraddha Kapoor Charges More Money Than Alia Bhatt...

SHARE

सेंसेक्स	:	85,041.45
निफ्टी	:	26,042.30

SARAFA

सोना	:	12,985.00
चांदी	:	254.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

गोरखपुर में स्कूल परिसर में 11वीं कक्षा के छात्र की हत्या

GORAKHPUR : शुक्रवार को गोरखपुर जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र में 11वीं कक्षा के एक छात्र की स्कूल परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटना को लेकर हिंसक प्रदर्शन हुए और कानून-व्यवस्था को लेकर गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस के मुताबिक, घटना दोपहर करीब एक बजे कोऑपरेटिव इंटर कॉलेज के खेल के मैदान में हुई, जहां कथित तौर पर विवाद के दौरान 11वीं कक्षा के छात्र सुधीर भारती को गोली मार दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भारती खेल के मैदान में मौजूद था और कुछ बच्चों को मोटरसाइकिल चलाना सिखा रहा था, तभी मोहल्ले की पुरानी दुश्मनी को लेकर कहासुनी हो गई।

लोहरदगा में एसीबी ने पंचायत सचिव को ₹15000 घूस लेते किया गिरफ्तार

LOHARDAGA : शुक्रवार को लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड के भड़गांव और डांडू के पंचायत सचिव सुरेंद्र गुप्ता को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 15000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। पंचायत सचिव बागवानी योजना के लाभुक कृष्णा उरांव से मस्टररोल जेनरेट करने के लिए रिश्वत ले रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर एसीबी ने अपने स्तर से मामले की जांच कराई। आरोप सही पाए जाने पर एसीबी की टीम डीएसपी के नेतृत्व में शुक्रवार को सेन्हा प्रखंड कार्यालय पहुंची। वहां जैसे ही कृष्णा उरांव ने पंचायत सचिव सुरेंद्र गुप्ता को रिश्वत के 15,000 रुपये दिए, वैसे ही एसीबी की टीम ने पंचायत सचिव को दबोच लिया।

केरल में पहली बार बना भाजपा का मेयर

THIRUVANANTHAPURAM : शुक्रवार को केरल के तिरुवनंतपुरम नगर निगम में हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश चुनाव जीत गए हैं। उन्हें 51 वोट मिले, जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के पी. शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। इस प्रकार केरल में भाजपा का कोई नेता पहली बार मेयर बना है।

वीर बालक दिवस पर भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

जेन-जी और जेन-अल्फा ही 'विकसित भारत' के लक्ष्य को आगे बढ़ाने वाली पीढ़ी : पीएम मोदी

AGENCY NEW DELHI : शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीर बालक दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जेन-जी और जेन-अल्फा ही भारत को 'विकसित भारत' के लक्ष्य तक आगे बढ़ाने वाली पीढ़ी है। जेन-जी यानी 1997 से 2013 के बीच जन्मी डिजिटल सक्षम युवा पीढ़ी और जेन-अल्फा यानी 2013 के बाद जन्मे तकनीक केंद्रित बच्चे। पीएम ने कहा कि वे युवाओं की क्षमता, आत्मविश्वास और सामर्थ्य को समझते हैं और इसलिए उज्जवल भविष्य के लिए उन पर उन्हें पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उम्र नहीं, कर्म और उपलब्धियां व्यक्ति को बड़ा बनाती हैं और कम उम्र में भी ऐसे कार्य किए जा सकते हैं जो पूरे समाज को प्रेरणा दें।

अपने संबोधन में पीएम ने वीर साहिबजादों के अदम्य साहस और बलिदान को याद करते हुए आज के जीवन के लिए प्रेरणादायक बताया। कहा कि साहिबजादों ने यह नहीं देखा कि रास्ता कितना कठिन है, उन्होंने केवल यह देखा कि रास्ता सही है या नहीं। यही भावना आज भारत के युवाओं से अपेक्षित है। बड़े सपने देखना, कठिन परिश्रम करना और आत्मविश्वास को कभी डगमगाने न देना। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा, जब उसके बच्चों और युवाओं का भविष्य उज्ज्वल होगा। उनका साहस, प्रतिभा और समर्पण ही देश की प्रगति का मार्गदर्शन करेगा। आज देशभर में लाखों बच्चे अटल टिंकरिंग लैब्स के माध्यम से नवाचार, शोध, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सस्टेनेबिलिटी और डिजाइन थिंकिंग से जुड़ रहे हैं। इसके साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा में शिक्षा का विकल्प बच्चों के लिए सीखने को और सहज बना रहा है।

उज्ज्वल भविष्य के लिए युवाओं की क्षमता, आत्मविश्वास और सामर्थ्य पर पूरा भरोसा

- उम्र नहीं, कर्म और उपलब्धियां ही किसी भी व्यक्ति को बनाती हैं बड़ा
- कम आयु में भी ऐसे कार्य किए जा सकते हैं, जो पूरे समाज को दें प्रेरणा
- बड़े सपने देखना, कठिन परिश्रम करना और आत्मविश्वास को डगमगाने न देना जरूरी
- साहिबजादों के अदम्य साहस व बलिदान को याद कर जीवन के लिए बताया प्रेरणादायक

गुलामी की मानसिकता पर किया प्रहार

प्रधानमंत्री ने गुलामी की मानसिकता पर प्रहार करते हुए कहा कि साहिबजादों की गाथा देश के हर नागरिक की जुबान पर होनी चाहिए थी, लेकिन दुर्भाग्यवश आजादी के बाद भी देश इस मानसिकता से पूरी तरह मुक्त नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि 1835 में मैकाले द्वारा बोए गए गुलामी के विचारों के बीजों ने भारत की अनेक सच्चाइयों को दबा दिया। अब देश ने तय कर लिया है कि इस मानसिकता से मुक्ति पानी ही होगी। उन्होंने कहा कि 2035 तक, जब मैकाले की इस सोच को 200 साल पूरे होंगे, तब तक हमें पूरी तरह गुलामी की मानसिकता से मुक्त होना है। यह 140 करोड़ भारतीयों का साझा संकल्प होना चाहिए।

हालिया शीतकालीन सत्र का भी उल्लेख

मोदी ने हालिया शीतकालीन सत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि संसद में हिंदी और अंग्रेजी के अलावा भारतीय भाषाओं में लगभग 160 भाषण दिए गए, जिनमें तमिल, मराठी और बंगाली प्रमुख रहीं। उन्होंने कहा कि यह दृश्य दुनिया की किसी भी संसद में दुर्लभ है और यह भारत की भाषाई विविधता की ताकत को दर्शाता है। मैकाले ने जिस विविधता को दबाने की कोशिश की थी, वही आज भारत की शक्ति बन रही है।

क्रूर सत्ता के सामने अडिग रहे साहिबजादे

वीर साहिबजादों के बलिदान का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि औरंगजेब की क्रूर सत्ता के सामने भी चारों साहिबजादे अडिग रहे। यह संघर्ष भारत के मूल्यों और मजहबी कट्टरता के बीच, सत्य और असत्य के बीच था। गुरु गोबिंद सिंह जी त्याग और तपस्या के साक्षात प्रतीक थे और वही विरासत साहिबजादों को मिली थी। इसलिए पूरी मुगलिया ताकत भी उनके साहस को नहीं डिगा सकी।

क्रिकेटर वैभव समेत 20 प्रतिभाशाली बच्चों को राष्ट्रपति ने दिया बाल पुरस्कार

- सम्मान पाने वाले बच्चों में झारखंड की 14 साल की फुटबॉलर अनुष्का भी शामिल

NEW DELHI : शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वीर बाल दिवस के अवसर पर क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी सहित देश के 20 प्रतिभाशाली बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 5 से 18 वर्ष की आयु के उन बच्चों को दिया जाता है, जिन्होंने साहस, खेल, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं नवाचार, समाज सेवा, कला और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान देकर देश का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेता बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों से न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और पूरे देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है कि आज का भारत अपने बच्चों की प्रतिभा, साहस और संवेदनशीलता के बल पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। पुरस्कार पाने वाले बच्चों में झारखंड की 14 वर्षीय फुटबॉलर अनुष्का को खेल क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। पुरस्कृत 20 बच्चों में से दो बच्चों- तमिलनाडु की व्योमा और बिहार के कमलेश को मरणोपरांत बाल पुरस्कार मिला।

सीआरपीएफ में आईजी का दायित्व संभालेंगे आईपीएस एवी होमकर

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड कैडर के वर्ष 2004 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी अमोल वेणुकांत होमकर को एक अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) के पद पर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इस संबंध में एक आधिकारिक पत्र जारी कर झारखंड सरकार को नियुक्ति की जानकारी दी। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि आईपीएस अधिकारी अमोल वेणुकांत होमकर को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए शीघ्र कार्यमुक्त किया जाए। गृह मंत्रालय के इस निर्णय के बाद झारखंड सरकार की ओर से आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर अधिकारी को केंद्रीय सेवा के लिए रिलीव किए जाने की संभावना है।

- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जारी किया प्रतिनियुक्ति संबंधी आधिकारिक पत्र
- 2004 बैच के अधिकारी हैं अमोल वेणुकांत होमकर

पहले प्रेमिका को मारी गोली, फिर युवक ने कर लिया सुसाइड, रिम्स में चल रहा युवती का इलाज

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार की सुबह खलारी थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। यहां एक युवक ने पहले अपनी प्रेमिका को गोली मार दी और फिर घर आकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह युवक ने केडीएच ग्राउंड के पास अपनी प्रेमिका को रोका। दोनों के बीच कुछ कहा सुनी हुई। इस दौरान युवक ने लड़की पर गोली चला दी। गोली लगने से युवती गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि लड़की को रांची रेफर किया गया है। ग्रामीण एसपी के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 9 बजे की है। लड़की अपने घर से कहीं जाने के लिए निकली थी। इसी बीच केडीएच ग्राउंड के पास लड़की को युवक ने घेर लिया और उसे गोली मार दी। इस घटना के बाद युवक अपने घर पहुंचा और वीडियो बनाया, जिसमें उसने बताया कि कैसे लड़की ने उसे धोखा दिया है।

- खलारी थाना क्षेत्र में केडीएच ग्राउंड के पास घटना को दिया गया अंजाम
- लड़की की शादी कहीं और तय होने के बाद से परेशान था युवक

कोल्ड वेव से बढ़ी कनकनी आज दो डिग्री सेल्सियस गिर सकता है न्यूनतम तापमान

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के कई जिले शीतलहर की चपेट में हैं। दिन में कहीं-कहीं धूप निकलने से थोड़ी राहत है, लेकिन ठंडी हवाएं परेशानी बढ़ा रही हैं। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, शनिवार को झारखंड के विभिन्न जिलों में तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। इसकी वजह से कनकनी में और वृद्धि होगी। विभाग के अनुसार तापमान में गिरावट के बाद फिर से धीरे-धीरे तीन डिग्री की वृद्धि होगी।

अगले पांच दिनों तक राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में मौसम पूरी तरह साफ रहेगा। मौसम विभाग ने दिसंबर माह तक कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना जताई है। इसके अलावा अगले पांच दिनों तक सुबह और शाम में मध्यम दर्जे का कुहासा रहने की भी बात कही गई है। शुक्रवार को रांची सहित आसपास के जिलों में सुबह से मौसम साफ रहा, लेकिन सुबह में भारी कनकनी महसूस की गई। दोपहर में धूप में तल्खी महसूस की गई। बावजूद इसके, मध्यम दर्जे की ठंडी हवा चलने के कारण लोगों को गर्मी का एहसास नहीं हुआ।

- पांच दिनों तक सुबह और शाम में मध्यम दर्जे का कुहासा रहने की है संभावना
- डाल्टनगंज में 5.6 व रांची में 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया मिनिमम टेंपरेचर

चाईबासा का रहा सबसे अधिक तापमान : शुक्रवार को रांची में अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 24 डिग्री और न्यूनतम 10 डिग्री, डाल्टनगंज में 23.2 और 5.6 डिग्री, बोकारो में 21.6 और 7.5 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 26.8 और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

केंद्र सरकार ने जारी की चेतावनी, समय पर संपत्ति का विवरण दाखिल करें आईएएस अधिकारी

- निर्देश का पालन नहीं करने पर पदोन्नति से वंचित सहित की जाएगी अन्य कार्रवाई
- अगले वर्ष 31 जनवरी तक वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न जमा करना अनिवार्य

NEW DELHI @ PTI : केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सभी अधिकारियों को समय पर अपनी संपत्ति का विवरण दाखिल करने का निर्देश दिया है और कहा है कि ऐसा न करने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही तथा पदोन्नति से वंचित करने सहित कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। सभी आईएएस अधिकारियों के लिए अगले वर्ष 31 जनवरी तक 'वार्षिक अचल संपत्ति रिटर्न' (आईपीआर) जमा करना अनिवार्य है। बता दें कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने जनवरी 2017 से 'स्पैरो' मॉड्यूल के माध्यम से आईएएस अधिकारियों के संबंध में आईपीआर संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा शुरू की थी। केंद्रीय विभागों के सचिवों और सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे गए 23 दिसंबर के पत्र में कहा गया है, यह वास्तव में अत्यंत संतोष की बात है कि अधिकारी वर्षों से अपना आईपीआर या तो इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा कर रहे हैं या पारंपरिक रूप से भरे गए आईपीआर की 'स्कैन' की गई प्रति अपलोड कर रहे हैं। इसमें कहा गया कि यह ऑनलाइन मॉड्यूल निर्धारित समय-सीमा यानी कैलेंडर वर्ष 2025 के संबंध में 31 जनवरी, 2026 के बाद स्वचालित रूप से बंद हो जाएगा।

टोरंटो यूनिवर्सिटी में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

TORONTO@PTI : कनाडा में टोरंटो यूनिवर्सिटी के स्कारबोरो परिसर के पास 20 वर्षीय भारतीय शोध (डॉक्टरेट) छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस मामले में हत्या के पहलू से जांच कर रही है। ड्यूटी इंस्पेक्टर जेफ एलिंगटन ने घटनास्थल के पास पत्रकारों को बताया कि पुलिस को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे हाइलैंड क्रीक ट्रेल और ओल्ड किंग्स्टन रोड के पास एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की सूचना मिली थी। टोरंटो पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर पुलिस के पहुंचने से पहले ही इलाके से फरार हो गया था। खबर के मुताबिक, जब अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्होंने व्यक्ति को पाया, जिसे गोली लगी थी और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस इस मामले की जांच हत्या के रूप में कर रही है। एलिंगटन ने कहा, फिलहाल हमारा ध्यान सबूतों को संरक्षित करने और यह पता लगाने पर है कि ऐसा क्या हुआ था जिसके कारण छात्र को गोली मारी गई। मृतक के परिजनों को भी सूचित करना है। इसी कारण फिलहाल बहुत अधिक जानकारी साझा करना संभव नहीं है। अब तक हमलावर का कोई हुलिया या विवरण जारी नहीं किया गया है। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास हुई गोलीबारी की घटना में युवा भारतीय शोध छात्र शिवांक अवस्थी की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं।

सीएम हेमंत सोरेन ने की शीतलहर में सावधानी बरतने की अपील

प्रदेश में जारी शीतलहर को देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों से सतर्क रहने और सभी आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। उन्होंने लोगों से अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचने का आग्रह किया है, विशेषकर सुबह और शाम के समय, जब ठंड का प्रकोप अधिक रहता है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि वर्तमान मौसम को देखते हुए सभी नागरिक गर्म कपड़े पहनें और विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने ठंड से बचाव के लिए अलाव या हीटर का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतने की सलाह दी है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने कमरों में उचित वायु संचार (वेंटिलेशन) बनाए रखने पर भी जोर दिया है। हेमंत सोरेन ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में खांसी-जुकाम, अत्यधिक कमजोरी, सांस लेने में कठिनाई, चक्कर आना या भ्रम जैसी समस्याएं दिखाई दें, तो इसे हल्के में न लें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या चिकित्सक से संपर्क करें। आपात स्थिति में राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए उन्होंने बताया कि नागरिक 108 एंबुलेंस सेवा, 104 स्वास्थ्य हेल्पलाइन या 1800-345-6540 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्यवासियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कठिन मौसम में सरकार पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने लोगों से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की भी अपील की।

आत्मनिर्भरता नए साल में जल्द ही भारतीय सेना में शामिल करने का रास्ता साफ

दुश्मनों की हरकतों को करारा जवाब देगी नई मिसाइल प्रणाली

PHOTON NEWS, RESEARCH DESK : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न विजन के तहत देश के डिफेंस सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर तेजी से काम हो रहा है। इस कड़ी में कुछ दिन पहले ही यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि भारत की उन्नत आकाश-एनजी मिसाइल के उपयोग से संबंधित कई स्तरों पर मूल्यांकन और परीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। इसके साथ ही नए साल में जल्द ही इसके सेना और वायुसेना में शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है। विशेषज्ञों की दृष्टि में नई पीढ़ी की सतह से हवा में प्रहार करने वाली यह मिसाइल प्रणाली दक्षिण एशिया में सुरक्षा समीकरणों को बदलने की क्षमता रखती है। आकाश-एनजी प्रणाली तेज गति से आने वाले हवाई खतरों से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। रक्षा मंत्रालय की ओर से बताया गया है परीक्षणों के दौरान आकाश एनजी मिसाइलों ने कम ऊंचाई व लंबी दूरी और अधिक ऊंचाई वाली परिस्थितियों में हवाई लक्ष्यों को अत्यंत सटीकता के साथ सफलतापूर्वक भेदा। परीक्षणों के दौरान डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन यानी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ वायुसेना के अधिकारी भी मौजूद रहे।

तेज गति से आने वाले हवाई खतरों से निपटने में सक्षम है आकाश-एनजी प्रणाली

- डीआरडीओ के वैज्ञानिकों और वायु सेना के अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ परीक्षण
- इस मिसाइल में ध्वनि की गति से ढाई गुनी तेज रफ्तार से आगे बढ़ने की है क्षमता
- उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर हवाई खतरों के खिलाफ उपलब्ध होगा शक्तिशाली कवच
- 60 किलोमीटर की मारक क्षमता वाले इस सिस्टम में 96% लगी है स्वदेशी सामग्री

- दक्षिण एशिया में सुरक्षा संबंधी समीकरणों को बदलने की जताई जा रही संभावना

स्टील्थ फाइटर जेट व क्रूज मिसाइल पर सटीक निशाना

ध्वनि से ढाई गुनी अधिक रफ्तार से आगे बढ़ने वाली इस मिसाइल प्रणाली की मारक क्षमता लगभग 60 किलोमीटर है। उच्च तकनीक पर आधारित यह उन्नत संस्करण भारत की उत्तर और पश्चिम सीमाओं पर आधुनिक हवाई खतरों के खिलाफ एक शक्तिशाली कवच प्रदान करेगा। आकाश-एनजी दुश्मन के स्टील्थ फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल और ड्रोन जैसे लो रडार क्रॉस सेक्शन वाले खतरों को सटीक निशाना बना सकता है।

विदेशी हथियारों पर कम हुई निर्भरता

विशेषज्ञों के अनुसार, लगभग 96 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री वाली यह मिसाइल प्रणाली विदेशी हथियारों पर देश की निर्भरता कम करती है। आकाश एनजी को आधुनिक कमान-नियंत्रण नेटवर्कों के साथ जोड़ा जा सकता है, जिससे यह अन्य रक्षा प्रणालियों के साथ एकीकृत रूप से कार्य कर सकती है। मतलब साफ है कि सेनाओं के लिए अब किसी भी हवाई दुस्साहस का जवाब देना पहले की अपेक्षा आसान हो गया है। पूर्व वायुसेना प्रमुख अरूप राहा के अनुसार, आधुनिक युद्धों में बेहतर एयर डिफेंस क्षमताएं होना बहुत महत्वपूर्ण है।

लुटेरों को पकड़ने निकली थी पुलिस ज्वेलरी शॉप में हो गई लाखों की चोरी

जामताड़ा के मिहिजाम में चोरों ने दुकान के पिछली दीवार में लगाई सेंध

PHOTON NEWS JAMTARA : झारखंड के जामताड़ा में कायस्थपाड़ा चौक पर आभूषण की दुकान में गोली मारकर की गई लूट की वारदात निपटाने में पुलिस जुटी थी कि गुरुवार को देर रात मिहिजाम के एक आभूषण दुकान में लाखों की चोरी हो गई।

क्रिसमस की रात पुलिस पिछले वारदात के अपराधियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी कर रही थी कि इसी बीच मिहिजाम बाजार में शिरडी ज्वेलर्स के पीछे दीवार में सेंध लगा कर चोर लाखों के गहने ले उड़े। लगातार हो रही वारदात पुलिस-प्रशासन को परेशान कर रही है। वहीं, चोरी की घटनाओं से कारोबारियों और आमजनों में पुलिस-प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है।

खोजी कुत्ते के साथ जांच करती पुलिस टीम

गुरुवार को देर रात आभूषण दुकान में हुई चोरी की घटना में गहनों की कीमत का पता नहीं चल पाया है। दुकान के मालिक शिव कुमार ने बताया कि सुबह जब वह दुकान खोलने आए तो उन्होंने देखा कि दुकान के पीछे की दीवार कटी हुई है और अंदर से ज्यादातर गहने व सामान गायब हैं। वहीं मौके पर पहुंचे मिहिजाम के थाना प्रभारी विवेकानंद दुबे ने बताया कि मामले की जांच चल रही है और जल्दी ही चोरी का खुलासा होगा। घटना के बाद फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी पहुंची है और मामले की पड़ताल में जुटी रही। घटना की सूचना पाकर भाजपा के जामताड़ा जिला अध्यक्ष सुमित शरण भी पहुंचे।

उन्होंने बताया कि लगातार हो रही ऐसी घटनाओं को देखकर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दो दिन पहले ही जामताड़ा वर्मा ज्वेलर्स में गोली बारी करके चोरी और आज मिहिजाम मुख्य बाजार में चोरी की वारदात हो गई। आखिर जनता ऐसी पुलिसिंग से कैसे सुरक्षित महसूस करेगी। जिले की कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है।

जेवर दुकान में चोरी के विरोध में दूसरे दिन भी बंद रहीं बिशुनपुरा की दुकानें

GARHWA : गढ़वा जिला अंतर्गत बिशुनपुरा बाजार में बुधवार की देर रात व्यवसायी राम हरख प्रसाद गुप्ता के प्रतिष्ठान शुभलक्ष्मी वस्त्रालय सह मुन्ना ज्वेलर्स में हुई चोरी की घटना से व्यवसायियों में खासा आक्रोश है। घटना के विरोध में लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी बिशुनपुरा के कारोबारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। बाजार बंद रहने की सूचना पर बिशुनपुरा के थाना प्रभारी राहुल सिंह दल-बल के साथ पहुंचे और व्यवसायियों को समझा-बुझाकर दुकान खोलने का अनुरोध किया। लेकिन, व्यवसायियों ने चोरी की घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी तथा व्यवसायियों की सुरक्षा की मांग करते हुए थाना प्रभारी के अनुरोध को ठुकरा दिया। व्यवसायी संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बीच बाजार में घटी इस घटना को लेकर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब तक चोरी का खुलासा नहीं होगा, सभी दुकानें बंद रहेंगी। कारोबारी सड़क पर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। यहां बता दें कि 24 दिसंबर को हुई घटना में चोर लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण, नकदी व कपड़े ले गए हैं।

प्रिंस खान के नाम पर रंगदारी मांगने वाले दो अपराधी धराए

पत्रकारों को मामले की जानकारी देतीं एसपी रीष्मा रमेशन

PALAMU : शहर थाना अंतर्गत पंचमुहान चौक के पास गोल्ड हाउस दुकान के मालिक रंजीत कुमार सोनी को गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम पर फोन और वाट्सएप के माध्यम से एक करोड़ रुपये रंगदारी मांगी गई थी। राशि नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में दुकान मालिक ने 21 दिसंबर को शहर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इसी बीच 25 दिसंबर को गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने कांग्रेस भवन के समीप नगर निगम के निमार्णाधीन भवन में छापामारी कर दो अपराधियों को हथियार व गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। शहर थाना के पहाड़ी मुहल्ला निवासी मो. नाजीम (25) और मुर्तजा अंसारी (28) ने बताया कि उनकी गैंगस्टर प्रिंस खान से मोबाइल पर बात हुई थी। उन्हें प्रिंस खान ने सोना दुकान के पास बाजार में दहशत फैलाने और फायरिंग करने के लिए कहा था। इसके लिए मो. नाजीम के खाते में प्रिंस खान ने 24,000 रुपये भी भेजे थे। अभियुक्तों ने बताया उन्हें प्रिंस खान का मोबाइल नंबर यूट्यूब न्यूज चैनल 'जो प्रेम सिंह, चतरा' से मिला था। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त 25 दिसंबर को सोना दुकान के पास फायरिंग की योजना बना रहे थे, इसी दौरान उन्हें हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

BRIEF NEWS

नववर्ष को देखते हुए रात में हुई सघन वाहन जांच

CHATRA : त्योहार एवं नववर्ष को देखते हुए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गुरुवार की रात को सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल के निदेर्शानुसार विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी नजर रखी गई। ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों व सवारों की जांच की गई। जिला पुलिस के अनुसार, इस अभियान में 153 चारपहिया व 317 दोपहिया वाहनों की जांच की गई। जांच टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर सत्यापन किया गया। चेकिंग के दौरान लोगों को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपिल करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया।

खूंटी में पुलिस ने बांटे कंबल

KHUNTI : सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शुक्रवार को मारंगहादा थाना अंतर्गत लांदुप पंचायत के जरूरतमंद ग्रामीणों में कंबल वितरण किया गया। इसके साथ ही ग्राम प्रधान, वार्ड मेंबर और ग्रामीणों के बीच अफीम-पोस्ता की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाकर अफीम की खेती से जमीन एवं मानव जीवन को होने वाले नुकसान, कानूनी कारवाई से संबंधित विषयों पर जागरुक किया गया।

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकली भव्य शोभायात्रा

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के चक्रधरपुर में शुक्रवार शाम को खालसा पंथ के संस्थापक दसवें गुरु गोविंद सिंह के 359वें प्रकाशोत्सव की पूर्व संध्या पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गुरुद्वारा परिसर से आरंभ होकर असलम चौक, पवन चौक, शहीद भगत सिंह चौक, पुरानी रांची रोड, इलाहाबाद बैंक, बाटा रोड होते हुए वापस गुरुद्वारा आकर समाप्त हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गुरुग्रंथ साहिब पर पुष्पवर्षा की। शोभा यात्रा में परंपरा अनुसार श्री गुरुग्रंथ साहिब की सवारी गाड़ी को फूल माला एवं बिजली के झालरों से भव्य तरीके से सजाया था। शोभायात्रा के साथ पंजप्यारे निशान साहिब लेकर और महिला-पुरुष सबद-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में ज्ञानी सरबजीत सिंह, गुरु सिंह सभा के अजीत सिंह, रमेश छाबड़ा, पप्पू छाबड़ा, सीटू छाबड़ा, सोनू सेठी सिंह, जसपाल सिंह, रिकी छाबड़ा, मोनू सिंह, प्रिंस सिंह, अनमोल सिंह, पीयूष छाबड़ा, तरनदीप सिंह, शरणदीप सिंह, सोनू कौर, मनजीत कौर, राजरानी सलूजा, मनजीत कौर, सोनू कौर, शरण कौर, रानी छाबड़ा, परमजीत कौर समेत काफी संख्या में समाज के लोग शामिल थे।

बूढ़ीगोड़ा फुटबॉल में चक्रधरपुर बना चैंपियन



CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला के चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत सिलफोड़ी पंचायत में कल्याण मंच बूढ़ीगोड़ा ने क्रिसमस पर आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता का फाइनल यश ब्रदर्स गोपीनाथपुर बनाम वाईबीसी चक्रधरपुर के बीच खेला गया। पेनाल्टी शूटआउट में वाईबीसी चक्रधरपुर की टीम 4-3 से विजयी हुई। तीसरे स्थान पर श्री इलेवेन व चतुर्थ विजेता यंग स्टार ओटार (सोरेन सिपाही) की टीम रही। विजेता टीम को दो लाख 20 हजार रुपये, उपविजेता टीम को एक लाख 40 हजार रुपये, तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 60 हजार नकद पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष में 40 प्लस आयु वर्ग के फाइनल में सोल्जर यूनाइटेड बनाम हेंब्रम एफसी जमशेदपुर पुलिस के बीच मुकाबला हुआ। इसमें सोल्जर यूनाइटेड की टीम ने 4-0 से मुकाबला जीत लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि खरसावां के विधायक दशरथ गागराई व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विजय गागराई उपस्थित थे।

गोवंश की हत्या का आरोपी किया गया गिरफ्तार, 10 फरार

PALAMU : जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के कुंडपानी गांव में गोवंशी पशु की हत्या की सूचना मिलने पर ग्रामीणों ने एकजुट होकर घटना में शामिल एक आरोपी को पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। मौके से प्रतिबंधित मांस भी बरामद किया गया। पुलिस ने चैनपुर के पशु चिकित्सकों के सहयोग से बरामद मांस की सैंपलिंग कर जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला, रांची भेज दिया है। इधर, गिरफ्तार कुंडपानी गांव के अभियुक्त धरमू उरांव (62) को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में मुसरमू गांव के मोहन यादव ने 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस 10 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। थाना प्रभारी के

पुलिस गिरफ्त में आरोपी

अनुसार मुसरमू गांव का एक युवक अपने मवेशी को खोजते हुए कुंडपानी गांव की ओर गया था। वहां उसने एक खेत में देखा कि कुछ लोग प्रतिबंधित गोवंशीय पशु की हत्या कर उसके मांस के टुकड़े कर रहे हैं। जब उसने विरोध किया तो वहां मौजूद लोगों ने उसे डरा धमका कर भगा दिया। उसने इसकी जानकारी गांव वालों को दी। गुरुवार सुबह ग्रामीण जुटे और घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां पर गोवंशीय पशु का अवशेष और मांस मिला।

कार से टकराई तेज रफ्तार बाइक युवक की मौत

KHUNTI : खूंटी रांची रोड में खूंटी के नवनिर्मित बस स्टैंड के समीप गुरुवार की रात लगभग 10 बजे हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थानांतर्गत बोकबा गांव निवासी दिलेश्वर नायक के 22 वर्षीय पुत्र रोहित नायक के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रांची के एक होटल में काम करने वाले रोहित नायक गुरुवार को खूंटी में रहने वाले अपने मामा सुरेंद्र मछुआ के यहां आयोजित बर्थडे पार्टी में आया था। रात में पार्टी के बाद वह वापस बाइक से रांची लौट रहा था। उसी दौरान रांची रोड में खूंटी के नवनिर्मित बस स्टैंड के समीप तेज रफ्तार में चल रही उसकी बाइक एक कार के पिछले हिस्से से जा टकराई। इस दुर्घटना में बाइक सवार रोहित नायक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से रोहित को इलाज के लिए खूंटी सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर उसे स्वजनों को सौंप दिया।

डीजीएमएस के खिलाफ नागरिक सुरक्षा मंच ने किया धरना-प्रदर्शन

धरना पर बैठे नागरिक सुरक्षा मंच के सदस्य

AGENCY DHANBAD : नागरिक सुरक्षा मंच की ओर से डीजीएमएस के खिलाफ शुक्रवार को रंधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन दिया गया। धरना प्रदर्शन में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर धनबाद में स्थापित डीजीएमएस की कार्यशैली पर सवाल उठाया। इस दौरान धरना दे रहे संगठन से जुड़े लोगों ने कहा कि डीजीएमएस का काम सुरक्षा के मपदंडों को उजागर कर बीसीसीएल को आगाह करना है, लेकिन धनबाद में डीजीएमएस, बीसीसीएल के इशारे पर काम कर रही है। इसका नतीजा है की धड़ल्ले से कोयले का अवैध उत्खनन की वजह से लोगों की जान जा रही है। ताजा मामला केन्दुआडीह में हो रहे जहरीली गैस का रिसाव है। इसकी जवाबदेही डीजीएमएस की थी, लेकिन समय पर सही रिपोर्ट नहीं देने पर लोगों में आक्रश है। उन्होंने कहा कि यदि डीजीएमएस की यही स्थिति बनी रही तो हमें विवश होकर डीजीएमएस कार्यालय का घेराव करना पड़ेगा।

युवक का मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

AGENCY DHANBAD : झरिया के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामाडोबा डुमरी दो नंबर इलाके में शुक्रवार को एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान संतोष शर्मा (42) के रूप में हुई है, जो डुमरी मोड़ पर एसटीडी और फोटो फ्रेमिंग की दुकान चलाता था। स्थानीय लोगों की ओर से नाले में शव देखे जाने के बाद इसकी सूचना जोड़ापोखर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजन और स्थानीय महिलाओं के अनुसार संतोष शर्मा काफी मिलनसार स्वभाव का था। गुरुवार रात उसने अपनी

परिजनों से पूछताछ करते पुलिस पदाधिकारी

पत्नी से फोन पर बात कर कहा था कि खाना बनाकर रखो घर आ रहा हूं। लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। वहीं, शुक्रवार सुबह उसका शव नाले में मिलने की सूचना मिली। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। जिससे लोग हत्या का संदेह प्रकट कर रहे हैं। इस संबंध में जोड़ापोखर थाना प्रभारी उदय कुमार ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और नाले से शव बरामद किया गया है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं। फिलहाल दो युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

प्रदूषण रोकने के लिए विधायक ने बीसीसीएल को दिया अल्टीमेटम

DHANBAD : जिले के केंदुआडीह और पुटकी क्षेत्र में कोयला उत्खनन के दौरान हो रहे प्रदूषण के खिलाफ शुक्रवार को पर्यावरण बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले सैकड़ों ग्रामीणों ने कच्छी बलिहारी से पुटकी नेहरू पार्क तक विरोध जुलूस निकाला, जो नेहरू पार्क में एक दिवसीय धरने में तब्दील हो गया। धरना के दौरान लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं धरना में शामिल डुमरी विधायक जयराम महतो और धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बीसीसीएल सारे नियमों को ताख पर रख यहां कोयला उत्खनन का कार्य कर रही है। उन?होंने कहा कि कोयला उत्खनन के कारण क्षेत्र में वायु प्रदूषण के साथ-साथ ध्वनि प्रदूषण भी फैल रहा है। वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि इस मुद्दे पर उनका दूरभाष पर बीसीसीएल के सीएमडी मनोज अग्रवाल से बात हुई है। उन्होंने तत्काल इस संबंध में स्थानीय जीएम को पानी का छिड़काव करने का निर्देश दिया है। वहीं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि कोयला उत्खनन के दौरान निकलने वाले ओबी को डंप करने के दौरान भारी मात्रा में प्रदूषण पैदा हो रहा है।

रमना बाजार में अगलगी से घर व कपड़ा दुकान हुई खाक

घर व दुकान से उठती आग की लपटें

GARHWA : रमना थाना क्षेत्र के रमना बाजार में शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे जमुना प्रसाद के कपड़ा दुकान और घर में आग लग गई। घटना की सूचना मिलने पर करीब एक घंटे बाद श्रीबंशीधर नगर से दमकल की गाड़ी पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि जमुना प्रसाद के घर और दुकान से धुआं उठते देख लोगों ने शोर मचाया। स्थानीय युवक आग बुझाने में जुटे, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी गई। अनुमान लगाया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। घटना की सूचना मिलने पर रमना थाना की पुलिस पहुंची और अगलगी के कारणों की छानबीन में जुट गई। वहीं, जमुना प्रसाद का परिवार इस घटना से सदमे में डूब गया है। कारोबारी के मुताबिक, इस घटना से उन्हें करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

आयोजन बीबीएमकेयू के दूसरे दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने छात्रों से की अपील

जीवन में नई जिम्मेदारियों को स्वीकार करने की शुरुआत : राज्यपाल

PHOTON NEWS DHANBAD : राज्यपाल सह राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार शुक्रवार को बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। न्यू टाउन हॉल में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल ने 164 पीएचडी और गोल्ड मेडलिस्ट छात्र-छात्राओं को डिग्री व उपाधि प्रदान की।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि यह दिन छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि आपने विपरीत परिस्थितियों और चुनौतियों के बावजूद अपनी पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह सिर्फ डिग्री लेने का मौका नहीं है, बल्कि जीवन में नई जिम्मेदारियों को स्वीकार करने

मंच पर उपस्थित राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार व अन्य

की एक औपचारिक शुरूआत है। आज का दौर सिर्फ डिग्री हासिल करने तक सीमित नहीं है। खोज, इनोवेशन और रिसर्च के लिए नए अवसरों की लगातार तलाश करने की जरूरत है। इससे छात्रों के साथ-साथ देश को भी एक नई दिशा मिलेगी। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ व्यक्तिगत उन्नति तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनना चाहिए। छात्रों को हमेशा अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग नैतिकता और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। राज्यपाल ने छात्रों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और कम से कम एक बच्चे को शिक्षित करने की जिम्मेदारी लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर हर पढ़ा-लिखा युवा, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो, एक बच्चे के भविष्य को संवारने का संकल्प ले, तो निरक्षरता, गरीबी और असमानता की जड़ें अपने आप कमजोर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शिक्षा को समावेशी और सामाजिक रूप से प्रासंगिक बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

यूनिवर्सिटी में खाली पदों को भरने का प्रयास जारी

समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि सभी यूनिवर्सिटी सत्र नियमित हों और प्रक्रियाएं ठीक से हों। खाली पदों को भरने के प्रयास जारी हैं। कुछ जगहों पर वाइस-चांसलर की नियुक्ति की प्रक्रिया में समय लग रहा है, लेकिन यह अगले महीने तक पूरी हो जाएगी। आने वाले समय में यूनिवर्सिटी में समस्याएं कम से कम होंगी। राज्यपाल ने कहा कि हमारे राज्य में बच्चों के लिए उच्चशिक्षा के अवसरों की कमी है। कम छात्र एडमिशन ले रहे हैं। इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।

विधायक के हस्तक्षेप के बाद नगर निगम के सफाई कर्मियों का धरना समाप्त

DHANBAD : धनबाद नगर निगम की सफाई एजेंसी रेमकी के करीब 550 सफाईकर्मियों का जनता श्रमिक संघ के बैनर तले जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल आज चौथे झरिया विधायक सह जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह और पूर्व विधायक संजीव सिंह के हस्तक्षेप के बाद कंपनी के अधिकारियों के साथ घण्टों चली बैठक के बाद शुक्रवार को धरना समाप्त हो गया। धरना के चौथे दिन मौके पर पहुंची झरिया विधायक रागिनी सिंह और पूर्व विधायक संजीव सिंह का कंपनी पदाधिकारियों के साथ घंटो चले वार्ता के बाद निगम के सफाई कर्मियों की तमाम मांगों पर सहमति बनने और मृत आश्रितों को जल्द से जल्द नियोजन देने का आश्वासन मिलने के बाद निगम के सफाई कर्मियों ने अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया। वहीं, जानकारी देते हुए विधायक रागिनी सिंह और पूर्व विधायक संजीव सिंह ने कहा कि नगर निगम के प्रशासक मजदूरों के हित के लिए कोई भी काम नहीं करते हैं, जिसकी वजह से आज मजदूरों को यह कदम उठाना पड़ा। जबकि मजदूरों की मांग जायज है, उनके हक और अधिकार के लिए जनता मजदूर संघ हमेशा उनके साथ है।

BRIEF NEWS

आर्चबिशप ने जरूरतमंदों में बांटा भोजन और कंबल

RANCHI : रांची कैथलिक पल्ली के तत्वावधान में सोसाइटी ऑफ सेंट विंसेंट डी पॉल की ओर से शुक्रवार को लोयोला ग्राउंड में जरूरतमंदों भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर आर्चविशप विंसेंट आईंद ने और राज्यसभा सांसद महुआ माझी ने जरूरतमंदों में भोजन और कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत महाधर्माध्यक्ष विंसेंट आईंद ने सभी के लिए अच्छे जीवन और ईश्वर की कृपा की कामना की। इसके बाद उन्होंने उपस्थित जरूरतमंद लोगों को भोजन और कंबल प्रदान किया। आर्चविशप ने बताया कि सोसाइटी ऑफ सेंट विंसेंट डी पॉल वर्ष 1975 से निरंतर क्रिसमस के बाद गरीबों को भोजन खिलाने एवं कपड़े वितरण का कार्य करती आ रही है। इस अवसर पर सांसद महुआ माजी ने भी जरूरतमंदों में भोज और कंबल का वितरण किया और समाजसेवकों के कार्य की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

राष्ट्रीय जूनियर थांग-ता चैंपियनशिप में झारखंड को मिले तीन पदक

RANCHI : कर्मवीर नवीन चंद्र बोडोलोई इंडोर स्टेडियम, सरुसजाई, गुवाहाटी में आयोजित तीन दिवसीय 31वीं राष्ट्रीय जूनियर थांग-ता चैंपियनशिप में झारखंड को तीन पदक मिले हैं। झारखंड थांग-ता संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गत 22 दिसंबर से शुरू इस मैच का समापन हुआ। जिसके साथ ही झारखंड के रांची निवासी कौशिकी सिंह ने रजत पदक जीता है। इसके साथ ही पलामू के रेहान कादरी तथा धनबाद की कशिश कुमारी ने भी अपने अपने भार वर्ग में बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने में सफल रही। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में रामस्वरूप हेम्ब्रम के नेतृत्व में झारखंड से 14 खिलाडियों ने भाग लिया था।

10 जनवरी को होगी झारखंड जदयू कार्य समिति की बैठक

RANCHI : झारखंड प्रदेश जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने आगामी कार्य समिति बैठक की तारीख तय कर दी है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले यह बैठक 5 जनवरी को आयोजित होने वाली थी, लेकिन अब इसे 10 जनवरी को बुलाया गया है। बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो और विधायक सरयू राय रांची से सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे। इसके बाद, राज्य के सभी जिलों में पार्टी के नेता जोरो-शोर से सदस्यता अभियान चलाएंगे। इस अभियान का लक्ष्य है कि राज्य भर के पांच लाख लोगों को पार्टी से जोड़ा जाए।

ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण बच्चों की आंखों में हो रही परेशानी

VIVEK SHARMA, RANCHI : बच्चों के बीच आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। डॉक्टरों के अनुसार, मोबाइल फोन, टैबलेट, कंप्यूटर और टीवी के ज्यादा उपयोग के कारण बच्चों की आंखें बीमार हो रही हैं। इतना ही नहीं बच्चों की आंखों में जलन, सूखापन, लालिमा, दर्द और बार-बार सिरदर्द की शिकायतें आम होती जा रही हैं। आई स्पेशलिस्ट डॉक्टरों का कहना है कि यह स्थिति अब केवल बड़ों तक सीमित नहीं रही, बल्कि कम उम्र के बच्चे भी ड्राई आई डिजीज और आई स्ट्रेन जैसी समस्याएं देखने को मिल रही है। डिजिटल डिवाइस के लंबे और लगातार इस्तेमाल से आंखों की पलकें कम झपकती हैं। जिससे आंखों में नमी की कमी हो जाती है। डॉक्टरों का कहना है कि रोजाना स्क्रीन टाइम में वृद्धि ड्राई आई डिजीज के खतरे को बढ़ा सकती है। आज आंखों के क्लिनिक में ऐसे बच्चे आ रहे हैं, जिनकी समस्याएं पहले वयस्कों में देखी जाती थीं।

- कम उम्र में लग रहा ज्यादा पावर का चश्मा
- मोबाइल और कंप्यूटर पर घंटों पढ़ाई से हो रहा मायोपिया
- डिजिटल डिवाइस के लंबे और लगातार इस्तेमाल से कम झपकती हैं पलकें
- दिनभर में एक घंटे से ज्यादा स्क्रीन पर समय नहीं बिताने की अपील

अधिक समय स्क्रीन देखने से ड्राई आई सिंड्रोम की चपेट में आ रहे बच्चे

स्टडी रिपोर्ट में किया गया खुलासा

इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी 2024 में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक, डिजिटल डिवाइस का अत्यधिक उपयोग स्कूली बच्चों में ड्राई आई डिजीज के मामलों को तेजी से बढ़ा रहा है। स्टडी में पाया गया कि जो बच्चे रोजाना 8 से 10 घंटे स्क्रीन के सामने बिताते हैं, उनमें इस बीमारी का जोखिम कहीं अधिक है। स्टडी में ये भी पाया गया है कि ड्राई आई डिजीज से पीड़ित बच्चे सामान्य बच्चों की तुलना में 60 से 70 प्रतिशत अधिक स्क्रीन का उपयोग कर रहे थे। वहीं, लंबे समय तक स्क्रीन देखने के कारण पलक झपकने की दर में कमी आई है।

10% बच्चों में शिकायत

आई स्पेशलिस्ट डॉ. प्रीतीश प्रणय ने बताया कि ओपीडी में आने वाले 10 प्रतिशत बच्चों को आंखों में लाली, पानी आना और सिरदर्द की शिकायत होती है। जिसका एक बड़ा कारण लंबे समय तक मोबाइल का इस्तेमाल है। उन्होंने कहा कि मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल और लगातार पढ़ाई से आंखों पर दबाव पड़ता है। ऐसे में बच्चों में मायोपिया जैसी समस्या भी दिख रही है। उन्होंने कहा कि इस वजह से ज्यादा पावर का चश्मा छोटे बच्चों को लग रहा है। अगर यही स्थिति रही तो आने वाले समय में ये आंकड़ा और तेजी से बढ़ेगा।

इस प्रकार करें कंट्रोल

डॉक्टर ने कहा कि नियमित पढ़ाई के बीच ब्रेक लेने की जरूरत है। कम से कम आधे घंटे में 20-30 सेकेंड का ब्रेक ले। आउटडोर खेल के लिए बाहर निकले और रोज कम से कम 60 मिनट धूप में रहे। इससे मायोपिया को कंट्रोल किया जा सकता है। फिजिकल एक्टिविटी से भी आंखों को आराम मिलता है। इसलिए एक्सरसाइज भी जरूरी है। आंखों के एक्सरसाइज के लिए पलकों को झपकाते रहे। वहीं थोड़ी देर के लिए आंखों को बंद भी रखे।

ऐसे बरतें एहतियात

एक्सपर्ट्स का कहना है कि दिनभर में स्क्रीन टाइम एक घंटे से ज्यादा नहीं होना चाहिए। अगर इससे ज्यादा टाइम मोबाइल, कंप्यूटर और टीवी पर दे रहे है तो उसके लिए एहतियात भी बरतने की जरूरत है। इसके लिए पैरेंट्स को भी ध्यान देना होगा। छोटे बच्चों को कुछ मिनट के लिए फोन देकर वापस लेने की आदत डाले। पैरेंट्स बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नजर रखें, नियमित आंखों की जांच कराएं और आउटडोर एक्टिविटी को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। जिससे कि भविष्य में आंखों की गंभीर बीमारियों से बचा जा सके।



केस-1

10 वर्षीय बच्चे की मां ने बताया कि ऑनलाइन क्लास के बाद उनके बेटे को आंखों में जलन और सिरदर्द रहने लगा था। डॉक्टर की सलाह पर स्क्रीन ब्रेक और आंखों के एक्सरसाइज शुरू करने से कुछ ही हफ्तों में स्थिति में सुधार हुआ।

केस-2

7 साल की बच्ची के पिता ने कहा कि मोबाइल का इस्तेमाल सीमित करने और आउटडोर खेलने से उनकी बेटी की आंखों की समस्या में काफी सुधार आया है।

पेसा नियमावली को लेकर मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, हेमंत बोले-

गांवों के मजबूत होने के बाद ही पूरा राज्य बन सकेगा ताकतवर

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में केंद्रीय सरना समिति, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा और आदिवासी बालक-बालिका छात्रावास रांची के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राज्य सरकार द्वारा पेसा नियमावली को मंत्रिपरिषद से मंजूरी दिए जाने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते दो दिनों से उन्हें राज्य के शहर, गांव और कस्बों से लोगों के उत्साह की जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी-मूलवासी समुदाय ने जल, जंगल, जमीन और अपनी सभ्यता-संस्कृति की रक्षा के लिए सदियों तक संघर्ष किया है। उन्होंने यह भी कहा कि समय-समय पर बने कई कानून आदिवासियों के हित में रहे, लेकिन कुछ कानून उनके अधिकारों के विरुद्ध भी थे। जिन्हें ठीक करने के लिए हमारे पूर्वजों ने निरंतर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि गांवों के मजबूत होने के बाद ही पूरा राज्य ताकतवर बन सकता है। मुख्यमंत्री ने झारखंड को बलिदानियों की धरती बताते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, प्राकृतिक संसाधनों और अस्मिता की रक्षा के लिए अनेक वीर सपूतों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना भी लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद साकार हुई। 2000 में राज्य गठन के बाद झारखंड ने कई उतार-चढ़ाव देखे और आदिवासी व मूलवासी समुदायों के अधिकारों पर कई बार चोट पहुंची। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें राज्य की बागडोर सौंपी है और निरंतर मिल रहा आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

- पेसा नियमावली को मंजूरी दिए जाने पर सभी ने जताया आभार
- पेसा कानून की जानकारी सभी को रखने की जरूरत पर बल
- प्राकृतिक संसाधनों और आदिवासी अस्मिता की रक्षा के लिए वीर सपूतों ने किया बलिदान

इनकी रही मौजूदगी

मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अजय तिर्की, सचिव रूपचंद केवट, मुन्ना मिंज, सदस्य प्रकाश अंश, अजय कच्छप, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के महासचिव जलेश्वर उरांव, केंद्रीय कोषाध्यक्ष बिरसा उरांव, केंद्रीय उपाध्यक्ष सोमे उरांव, अध्यक्ष जिला समिति सोमदेव उरांव, संरक्षक सुधु भगत और आदिवासी बालक-बालिका छात्रावास रांची के प्रतिनिधि मौजूद थे।

ग्राम सभाओं को निर्णय लेने का मिला अधिकार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार जनजातीय स्वशासन, सम्मान और सांस्कृतिक धरोहर की संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी दिशा में पेसा कानून को मंजूरी दी गई है। पेसा कानून के लागू होने से अनुसूचित क्षेत्रों की ग्राम सभाओं को निर्णय लेने के व्यापक अधिकार मिलेंगे, जिससे स्थानीय स्तर पर लोकतंत्र और स्वशासन मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि यह कानून आने वाले समय में समाज और राज्य के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पेसा कानून सहित अन्य नियमों और नीतियों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने हाल ही में लगभग 10 हजार युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी हैं और आगे भी रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। कुछ तत्व ग्रामीणों को गुमराह करने का प्रयास करते हैं, इसलिए जागरूकता बेहद जरूरी है।

आज से शुरू होगा झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू का दो दिवसीय दौरा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड कांग्रेस प्रभारी के। राजू का झारखंड दौरा 27 से 28 दिसंबर तक का होगा। वे 27 दिसंबर को शाम 6:45 बजे इंडिगो दिल्ली से रांची के लिए प्रस्थान करेंगे रात 8:30 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची पहुंचेंगे। रांची आगमन के पश्चात उनका रात्रि विश्राम राज्य अतिथि गृह, रांची में होगा। 28 दिसंबर को सुबह 11:00 बजे के। राजू जी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, रांची मंग आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 12:30 बजे कांके प्रखंड अंतर्गत सुंदर नगर, भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा के निकट, सुखरहुट्टू और जयपुर ग्राम पंचायतों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित कांग्रेस ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लेंगे। अपराह्न 3:00 बजे वे नामकुम प्रखंड के डमाइल में हरदाग एवं डुंगरी ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम पांच बजे 5:00 बजे रांची एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और रात 8:00 बजे इंडिगो से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। रात 9:45 बजे राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली पहुंचेंगे।

रांची में महिलाओं के खिलाफ अपराध में 47 प्रतिशत की वृद्धि : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को लेकर चिंता जताई है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि एससीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में केवल 10 महीनों (जनवरी से अक्टूबर) में ही झारखंड में महिलाओं के खिलाफ 4294 मामले दर्ज हो चुके हैं, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या 4147 थी। प्रतिदिन औसतन पांच महिलाओं को दुष्कर्म और अपहरण का शिकार होना पड़ रहा है। सबसे हैरान कर देने वाली स्थिति राजधानी रांची की है। अकेले रांची में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि रांची में राज्य के अन्य शहरों की तुलना में अधिक पुलिस बल और सुरक्षा संसाधन उपलब्ध हैं, फिर भी हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो चुका है और महिलाएं सार्वजनिक स्थलों, कार्यस्थलों और यहां तक कि अपने घरों में भी असुरक्षित महसूस कर रही हैं। पुलिस-प्रशासन अपराध रोकने के बजाय वसूली में व्यस्त है। आम जनता, विशेषकर महिलाएं, न्याय और सुरक्षा के लिए भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से कहा है कि पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग में होने वाले लेन देन की प्रवृति पर रोक लगाई जाए। थानों को वसूली का टारगेट देना बंद किया जाए। तभी महिलाओं के खिलाफ अपराध पर अंकुश लगाया जा सकता है।

महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

RANCHI : महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी पब्लिक स्कूल गोसाईडीह (बुंडू) में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव 'सृजन' का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वीर बाल दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। जिसमें साहिबजादे वीर फतेह सिंह और जोरावर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथियों में आर्य ज्ञान प्रचार समिति के अध्यक्ष एसएल गुप्ता, सुशीला गुप्ता सहित कई शिक्षाविद व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और नाटक के माध्यम से देशभक्ति व सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया।

एक्शन नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत संचालकों पर 25 हजार का जुर्माना

बिना अनुमति लगाए गए बैनर-पोस्टर पर चला निगम का डंडा

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध रूप से बैनर, पोस्टर और फ्लैक्स लगाए जा रहे हैं। ऐसे में झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। बाजार शाखा की टीम के सदस्यों ने इसे लेकर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की। अभियान के क्रम में अवैध रूप से दीवारों और सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए बैनर-पोस्टर-फ्लैक्स को हटाया गया। इतना ही नहीं संचालकों पर फाइन भी लगाया गया। झारखंड नगरपालिका अधिनियम-2011 की धारा 600 के तहत 25,000 प्रति संस्थान पर जुर्माना लगाया है। झारखंड नगर पालिका अधिनियम के तहत नगर आयुक्त या कार्यपालक पदाधिकारी की अनुमति के बिना विज्ञापन लगाने पर रोक है। कोई भी व्यक्ति नगर निगम क्षेत्र में किसी भी भूमि, भवन, दीवार, होर्डिंग, फ्रेम, खंभा, कियोस्क, संरचना, वाहन, नियोन साइन या स्काई साइन पर या उसके ऊपर, किसी भी प्रकार का कोई विज्ञापन स्थापित, प्रदर्शित नहीं कर सकता है। न ही किसी सार्वजनिक सड़क या सार्वजनिक स्थान से दिखाई देने वाले किसी भी तरीके से कोई विज्ञापन सार्वजनिक दृष्टि में प्रदर्शित करेगा, जब तक कि नगर आयुक्त या कार्यपालक पदाधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त न हो।

बाजार शाखा की टीम के सदस्यों ने विशेष अभियान चलाकर की कार्रवाई

इन पर लगा जुर्माना

कचहरी रोड पर जीवा स्वीपर, गोविंदा स्वीपर, रघुवीर स्वीपर, विशाल स्वीपर, अजय स्वीपर, दीपक स्वीपर, भोला स्वीपर के अलावा द ब्लैकबोर्ड, टीवीएस शोरूम के ऊपर, द्वितीय तल, डांगरा टोली चौक, पुरुलिया रोड पर जुर्माना लगाया गया।

अतिक्रमण के विरुद्ध चला अभियान

शहर को अतिक्रमण-मुक्त, जाम-मुक्त और सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से रांची नगर निगम द्वारा निरंतर विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को इनफोर्समेंट टीम नेमौलाना आजाद चौक से कांटाटोली चौक तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की। अभियान के दौरान लगभग 20 अस्थायी संरचनाओं को हटाया गया। साथ ही बांस-बल्ली, बेंच व अन्य अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त किया गया। अतिक्रमणकारियों को भविष्य में पुनः उक्त स्थल पर दुकान लगाने अथवा किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

NEWS BOX

अटल स्मृति दिवस पर 29 को होगा कार्यक्रम का आयोजन

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता तमाड़ मंडल अध्यक्ष महावीर सोनी ने की। यह बैठक अटल स्मृति (सुशासन) दिवस के आयोजन को लेकर की गई। बताया गया कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर केंद्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार 25 से 31 दिसंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 29 दिसंबर को सुबह 11 बजे तमाड़ के उपेन साहू सभागार में अटल स्मृति दिवस कार्यक्रम होगा, जिसमें प्रदेश व जिला स्तर के वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल होंगे। बैठक में लक्ष्मण सिंह मुंडा, रीता मुंडा सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ निकाली जनाक्रोश रैली

PHOTON NEWS RANCHI : बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में शुक्रवार को बजरंग दल द्वारा जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। यह रैली संध्या 4 बजे तुपुदाना चौक से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों में निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। जयकारों और नारों के बीच प्रदर्शनकारियों ने हिंदू समाज की पीड़ा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने और मानवाधिकारों की रक्षा की मांग की। बजरंग दल, रांची विभाग के संयोजक अंकित सिंह और बिरसा नगर के सह संयोजक अभय कुमार ने कहा कि इस रैली का उद्देश्य जनमानस को जागरूक करना और समाज के सभी वर्गों को एकजुट करना है। उन्होंने आह्वान किया कि यह केवल धार्मिक आस्था का प्रश्न नहीं, बल्कि मानवाधिकारों की रक्षा का भी मुद्दा है। रैली के दौरान नागरिकों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया।

सनातन एकता मंच की केंद्रीय कमेटी के सदस्यों ने की बैठक

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को सनातन एकता मंच केंद्रीय कमेटी की बैठक पंचमुखी हनुमान मंदिर नामकुम में हुई। इसकी अध्यक्षता मंच के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष रोहित सनातनी ने की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम सनातनियों व हिंदू समाज पर आए दिन प्रहार हो रहा है। हिंदू बहन-बेटियों को लव जिहाद में फंसाकर उनका धर्म बदला जा रहा है। भारत में हिंदू समाज डर कर जी रहा है। हिंदुओं को मारा जा रहा है। लोग कैंडल मार्च निकाल देते है पर कोई कुछ करता नहीं। इसलिए संगठन के माध्यम से हिंदू समाज को जगाने का कार्य कर रहा हूं। आपसब हिंदू समाज को संगठित करने में सहयोग दे। मौके पर पुजारी सुबोध पाण्डेय बाबा, अजय कुमार, विराट सिंह, सुशांत कुमार, राजू शर्मा, चुलबुल पांडेय, राकेश, विकाश, दिलीप, सुजीत, राजीव, मुकेश, सौरभ, नागेश, अनिकेत, मधुसूधन ने सनातन एकता मंच की सदस्यता ग्रहण की।

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए दो प्रचार वाहन रवाना

PHOTON NEWS RANCHI : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार को तेज करने के लिए दो प्रचार वाहनों को रवाना किया गया। अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड शशि प्रकाश झा ने नामकुम स्थित कार्यालय परिसर से इन वाहनों को रवाना किया। दोनों प्रचार वाहन जिला और गांव स्तर पर आम लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने का कार्य करेंगे। बताया गया कि मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम राज्य के सभी 24 जिलों में संचालित किया जा रहा है, ताकि मानसिक रोगों को लेकर जागरूकता बढ़ाई जा सके और लोगों को समय पर उपचार के लिए प्रेरित किया जा सके। इनमें से एक प्रचार वाहन केंद्रीय मानसिक चिकित्सालय के सहयोग से गांवों में लगाए जाने वाले मानसिक स्वास्थ्य शिविरों का प्रचार करेगा। वहीं दूसरा वाहन संथाल परगना क्षेत्र के सभी जिलों में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी का प्रसार करेगा।

तुपुदाना में लोको पायलट की कुएं में डूबकर मौत

RANCHI : तुपुदाना ओपी क्षेत्र के बगीचा टोली में गुरुवार की रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। रांची रेलवे स्टेशन में पदस्थापित लोको पायलट संतोष विजय टोप्पो की मृत्यु घर के आंगन में बने कुएं में डूबखर हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, क्रिसमस के अवसर पर मोहल्ले में नाच-गान का कार्यक्रम चल रहा था। देर रात संतोष विजय टोप्पो अपने घर से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकले। अंधेरे में वे आंगन स्थित कुएं में गिर गए। रातभर किसी को घटना की जानकारी नहीं मिली। सुबह जब परिजनों ने देखा कि संतोष विजय अपने कमरे में नहीं हैं, तो उन्होंने आसपास खोजबीन शुरू की। इसी दौरान पड़ोसी के घर पानी भरने के क्रम में कुएं में एक शव दिखाई दिया। सूचना पर तुपुदाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। पहचान संतोष विजय टोप्पो के रूप में हुई।

समाचार सार

बिष्टुपुर में कल होगा विश्वशांति वैदिक महायज्ञ

JAMSHEDPUR : वर्ष के अंतिम रविवार को प्रातः 10.30 बजे से जुबिली रोड, बिष्टुपुर स्थित टाटा आश्रम में विश्वशांति वैदिक महायज्ञ होगा। परामर्शक नगीना सिंह, डॉ. डीपी शुक्ला, संयोजक बिजेंदर उपाध्याय व समन्वयक नीरज मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि यज्ञ के उपरांत संत समाज द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की जाएगी। वहीं, शुक्रवार को दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र स्वर्वेद महामंदिर धाम, वाराणसी से प्रकाशित विहंगम योग वार्षिक कैलेंडर 2026 का भी वितरण किया गया। नीरज मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2026 में शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के मध्य व्यापक रूप से विहंगम योग मेडिटेशन के महत्व एवं लाभों को पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

पटमदा में मिक्स जेंडर विलेज क्रिकेट लीग 17-18 को

JAMSHEDPUR : खेल के माध्यम से समाज में बालक-बालिका में समानता लाने के संदेश पर आधारित मिक्स जेंडर विलेज क्रिकेट लीग का आयोजन 17-18 जनवरी को पटमदा में होगा। इसमें बोड़ाम-पटमदा के विभिन्न गांवों के बच्चों के बीच मुकाबला होगा। इसकी घोषणा से पहले शुक्रवार को पटमदा स्थित एस एस +2 स्कूल मैदान पर रिया एकादश और पूजा एकादश के बीच ट्वेंटी-20 फॉर्मेट में मिक्स जेंडर अभ्यास मैच खेला गया। इसमें पूजा एकादश ने 5 ओवर में 5 विकेट खोकर 50 रन बनाए। वहीं रिया एकादश 51 रनों पर सिमट गई। पूजा एकादश ने मिक्स जेंडर मुकाबला 32 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया।

सरयू ने 150 लाभुकों को सौंपा पेंशन स्वीकृति पत्र

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित आवासीय कार्यालय से 150 लाभुकों को पेंशन स्वीकृति पत्र सौपा। वृद्धा पेंशन के 80, विधवा सम्मान पेंशन के 40 और 50 से 59 वर्ष के 30 महिलाओं को जदयू विधायक ने पेंशन स्वीकृति पत्र दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकुल मिश्रा, नीरज सिंह, संतोष भगत, शेषनाथ पाठक, बीरेंद्र सिंह, सन्नी सिंह, आदित्य मुखर्जी आदि सक्रिय रहे।

डीसी ऑफिस के नाइटगार्ड धुर्वा सुंडी का निधन

JAMSHEDPUR : डीसी ऑफिस के अनुसेवी- सह- नाइट गार्ड धुर्वा सुंडी का शुक्रवार को रांची स्थित रिम्स में निधन हो गया। उन्हें मंगलवार को ब्रेन हैमरेज हुआ था। सुंडी के निधन पर जिला प्रशासन द्वारा समाहरणालय सभागार में श्रद्धांजलि सभा की गई। इस दौरान उपविकास आयुक्त, अपर उपायुक्त समेत जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों ने दो मिनट का मौन रखकर स्व. सुंडी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उनका पार्थिव शरीर शुक्रवार को डुमरिया स्थित पैतृक आवास पहुंचा दिया गया। ज्ञात हो सुंडी करीब 25 वर्ष से डीसी ऑफिस में राष्ट्रध्वज फहराने और उतारने का काम करते थे। उनकी समयबद्धता के सभी कायल थे।

भाजपा ने मनाया वीर बाल दिवस

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला के मुख्यालय चाईबासा स्थित भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष संजय पांडे के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में जिला के सहप्रभारी कुलवंत सिंह बंटी बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि साहिबजादों की शौर्यगाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए, भारत सरकार ने 26 दिसंबर 2022 को पहली बार 'वीर बाल दिवस' मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी घोषणा 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर की थी। यह दिवस सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत और साहस को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। इस अवसर पर चंद्र मोहन तियू, राकेश पोद्दार, रंजन प्रसाद, रितेश कुमार, पिंटू, जय किशन बिरुली, राजश्री बानरा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाज प्रतिनिधि शामिल हुए।

साहिबजादों की याद में निकाली प्रभातफेरी

GHATSILA : वीर बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एसकेएम पब्लिक स्कूल दाहीगोड़ा, घाटशिला के बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। कार्यक्रम में शामिल भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष लखन मार्डी ने कहा कि यह दिन केवल शोक का नहीं, बल्कि गर्व और प्रेरणा का दिन है। 26 दिसंबर 1705 को मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर सरहिंद के नवाब वजीर खान ने सिखों के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह के साहिबजादे जोरावर सिंह (9) और साहिबजादे फतेह सिंह (6) को जिंदा दीवार में चुनवा दिया था। इन वीर बालकों ने धर्म परिवर्तन की बजाय अपनी जान देना स्वीकार किया था। यह दिन हमें यह भी सिखाता है कि वीरता उम्र की मोहताज नहीं होती। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री सत्या तिवारी, जिला उपाध्यक्ष हेमंत नारायण देव, मंडल महामंत्री सुखेन दास, मंटू सिंह, सुबोध सिंह, विश्वनाथ मुखर्जी, अजय चटर्जी आदि भी उपस्थित थे।

बाजार समिति के सदस्य को दी गई श्रद्धांजलि

GHATSILA : मऊभंडार में बाजार समिति के सदस्य नूर मोहम्मद उर्फ लुच्चा के निधन पर शुक्रवार को बाजार समिति परिसर में शोकसभा हुई। इसमें बाजार समिति के पदाधिकारी, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा स्थानीय लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बाजार समिति के अध्यक्ष कॉल्टू चक्रवर्ती ने नूर मोहम्मद के सामाजिक जीवन, उनके सरल स्वभाव, ईमानदारी और बाजार समिति के प्रति समर्पण को याद किया।

बाइक व स्कूटी में आमने-सामने हुई टक्कर, दो युवकों की मौत

चाईबासा-सेरेंगसिया रोड पर सिंहपोखरिया रेलवे स्टेशन के पास हुई दुर्घटना

अस्पताल पहुंचे मृतकों के परिजन ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। शुक्रवार की शाम चाईबासा-सेरेंगसिया मुख्य सड़क पर सिंहपोखरिया रेलवे स्टेशन के पास बाइक और स्कूटी में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में से एक की पहचान शिवा बिरुली (20) के रूप में हुई है, जो बिंगतोपांग गांव का निवासी है। पुलिस द्वारा दूसरे युवक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। उसकी उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क पर वाहन चलाते समय सावधानी बरतें और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें, ताकि ऐसी दुर्घटनाएं न हों।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए शनिवार को चाईबासा सदर अस्पताल भेजेगी।

अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिला के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम को एनएच-18 पर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। यह घटना ओम स्टोर के पास हुई। मृतक की पहचान राजलाबांध निवासी चंदन माईती के रूप में की गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने के बाद चालक वाहन सहित भाग गया। हादसे की सूचना मिलते ही बहरागोड़ा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने शुक्रवार को सुबह में शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल, घाटशिला भेजा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एनएच 18 पर लगातार हो रहे हादसों को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए, अन्यथा स्थानीय लोग जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

कार ने दो बाइक में मारी जोरदार टक्कर, 5 घायल

CHAIBASA : सोनुआ- चक्रधरपुर मुख्य सड़क पर शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी, जिससे महिला सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना बैद्यमारा फाटक के समीप हुई। घायलों में तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार अनियंत्रित हो गई थी। इसकी चपेट में आकर मेला से लौट रहे बाइक सवार आ गए। घायलों में निश्चितपुर निवासी बुधराम लोहार उर्फ गोरा (30), जितेन महतो (35) और भुवनेश्वर महतो (38) हैं। ये सभी लोग बूढ़ीगोड़ा से मेला देखकर घर लौट रहे थे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तीन घायलों को सोनुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जबकि दो घायलों को चक्रधरपुर के अनुमंडल अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जितेन महतो और भुवनेश्वर महतो को बेहतर इलाज के लिए चाईबासा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना की सूचना पर सोनुवा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई।

बीएड-एमएड सत्र 2025-27 में स्पॉट एडमिशन शुरू

JAMSHEDPUR : झारखंड में बीएड, एमएड और बीपीएड कोर्स के सत्र 2025-27 के लिए काउंसिलिंग के बाद भी बड़ी संख्या में सीटें रिक्त रह गई हैं। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के अनुसार, राज्य में कुल 13,600 बीएड सीटों में से 2,947, 700 एमएड सीटों में से 507 और 350 बीपीएड सीटों में से 199 सीटें खाली हैं। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देश पर रिक्त सीटों को भरने के लिए स्पॉट एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की गई है। वेटिंग लिस्ट (डीम्ड) अभ्यर्थी मेरिट और आरक्षण नियमों का पालन करते हुए इच्छुक कॉलेजों में सीधे आवेदन कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को 7 दिनों में आवेदन करना होगा, जिसके बाद कॉलेज मेरिट के आधार पर नामांकन करेंगे। कोल्हान विश्वविद्यालय ने प्रवेश प्रक्रिया की निगरानी के लिए 16 कॉलेजों में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं।

15 लाख की दो योजनाओं का सरयू राय ने किया उद्घाटन

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को 15 लाख की दो योजनाओं का उद्घाटन किया। विधायक निधि से उलीडीह के बिरसा रोड स्थित सामुदायिक भवन के पास डीप बोरिंग एवं सौंदर्यीकरण और मानगो के संकोसाई रोड नं.-5, जयगुरु नगर में सड़क का निर्माण शामिल है। इस मौके पर सहायक अभियंता अमित आनंद, कनीय अभियंता आनंद सुबोध कुमार, भाजपा मानगो मंडल के अध्यक्ष बिनोद राय, भाजपा उलीडीह मंडल के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह सिसोदिया, विपिन रंजन, अशोक बिरूआ, हरिश तामसोय, शांति लोहार आदि भी मौजूद थे।

वंचितों का अधिकार भी छीन रही मोदी सरकार : कमलेश

बिष्टुपुर में पत्रकारों को संबोधित करते कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश

JAMSHEDPUR : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शुक्रवार को बिष्टुपुर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय (तिलक पुस्तकालय) में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार सिर्फ मनरेगा का नाम ही नहीं बदल रही है, बल्कि गरीबों-वंचितों का अधिकार भी छीन रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विद्वेष के साथ कार्य कर रही है। महात्मा गांधी नरेगा योजना को बदलकर अपना कुचक्र चल रही है। कांग्रेस महात्मा गांधी नरेगा को वापस लाने की मांग कर रही है। महात्मा गांधी नरेगा को निरस्त करके और विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम थोपकर भाजपा सरकार ने ग्रामीण आजीविकाओं पर करारा प्रहार किया है। यह नया कानून लाखों ग्रामीण श्रमिकों, विशेषकर दलितों, आदिवासियों और महिलाओं के कठिनाइयों से जीते गए अधिकारों को कमजोर करता है। आपके अधिकार इस तरह छीन लेगा। महात्मा गांधी नरेगा 100 दिनों का काम कभी भी और कहीं भी ग्रामीण भारत में मांग पर गारंटी देता था। अब 125 दिन के दावे के बावजूद, काम आपूर्ति आधारित है जिसमें बजट की सीमा है।

टाटा मोटर्स के अधिकारी के घर से लाखों की चोरी

JAMSHEDPUR : टेल्को कॉलोनी निवासी टाटा मोटर्स के अधिकारी भानु प्रताप सिंह के घर से लाखों रुपये के सामान व नकद की चोरी हो गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोड नंबर-31 स्थित के-3 क्वार्टर बंद था। अधिकारी परिवार सहित कहीं बाहर गए हुए हैं। जानकारी के अनुसार, घर से करीब 25 लाख रुपये नकद सहित अन्य सामानों की चोरी हुई है। पड़ोसियों को चोरी का पता शुक्रवार को सुबह में चला, जब उन्होंने क्वार्टर का ताला टूटा हुआ देखा। पड़ोसियों ने टेल्को थाना को इसकी सूचना दी।

पुलिस आसपास के सीसीटीवी की जांच कर रही है, ताकि चोरी की घटना का सुराग मिल सके। आश्चर्य इस बात पर है कि टेल्को कॉलोनी में पुलिस के साथ-साथ टाटा मोटर्स के सुरक्षाकर्मी भी गश्त लगाते रहते हैं।

एक्सएलआरआई ने किया 57 कामगारों को प्रशिक्षित

प्रशिक्षुओं के साथ एक्सएलआरआई के फैकल्टी व पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : एक्सएलआरआई- जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के फादर मैकग्राथ स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एफएम-एसडीसी) ने शुक्रवार को पांचवें बैच का सर्टिफिकेशन समारोह कैंपस में आयोजित किया। इस बैच के 57 प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। इसमें दो राज्यों के ग्रामीण और वंचित समुदायों के युवा थे। इस बैच में कंप्यूटर स्किल्स एवं डाटा एंट्री कोर्स के 43, गारमेंट एवं फैशन डिजाइनिंग के 6 और प्लंबिंग एवं इलेक्ट्रिकल वायरिंग इंटर्नशिप के 8 प्रतिभागी शामिल थे। गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण के बाद ये स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बन सकेंगे। सर्टिफिकेट वितरण समारोह में सेंटर के कन्वेनर फादर डोनाल्ड डिसिल्वा एसजे ने कहा कि जेवियर कम्यूनिटी कॉलेज (एक्ससीसी) ने अब तक 198 छात्रों को प्रशिक्षित किया है। एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर सेबेस्टियन जॉर्ज एसजे ने कहा कि आज रोजगार डिग्री से ज्यादा स्किल पर निर्भर है।

दुकान का ताला काटकर नकद व सामान की चोरी

चोरी की जानकारी देता भुक्तभोगी

JAMSHEDPUR : मानगो डिमना मेन रोड स्थित चावल बाजार में गुरुवार रात चोरों ने एक राशन दुकान को निशाना बनाते हुए ताला और कुंडी काटकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान से नकद रुपये और घरेलू उपयोग के सामान लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चावल बाजार के प्रवेश पथ पर स्थित विकास गुप्ता की राशन दुकान में देर रात चोरों ने कटर की मदद से मुख्य दरवाजे का ताला और कुंडी काट दी। शुक्रवार सुबह जब विकास गुप्ता अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दरवाजा टूटा हुआ है, दुकान के अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा है और गल्ले में रखे रुपये गायब हैं। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि वे रोज की तरह रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। महाजन को देने के लिए उन्होंने गल्ले में करीब 20 हजार रुपये रखे थे, जिसे चोर लेकर फरार हो गए। इसके अलावा लगभग 10 हजार रुपये मूल्य का घरेलू उपयोगी सामान भी चोरी कर लिया गया।

धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ का 17 को मनेगा स्थापना दिवस

JAMSHEDPUR : धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ का 13वां स्थापना दिवस 17 जनवरी को मनाया जाएगा। यह निर्णय शुक्रवार को दोपहर 1 बजे हुई वेद अध्ययन अनुशीलन केंद्र में बैठक के दौरान लिया गया। स्वस्तिवाचन व मंगल पाठ के पश्चात आचार्यों ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं हाल के दिनों में हुई हिंदू युवक की हत्या पर दुख व्यक्त किया। दिवंगत हिंदू युवक को श्रद्धांजलि देते हुए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। महासंघ के अध्यक्ष पं. बिपीन कुमार झा व सचिव उमेश कुमार तिवारी ने केंद्र सरकार से बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा करने की मांग रखी। बैठक में दिलीप पांडेय, मुन्ना पांडेय, आनंद पांडेय, मोहन शास्त्री, एनके पांडेय, राजकुमार मिश्र, शिवशक्ति झा, परशुराम पांडेय, चंद्रकांत झा, कुमुद झा, हर्ष पांडेय आदि शहर के आचार्य उपस्थित रहे।

डिमना चौक से पत्थलगड़ी होगी शिफ्ट प्रतिमा सौंदर्यीकरण पर बनी सहमति

अंचल अधिकारी के कार्यालय में वार्ता करते स्मारक समिति के सदस्य

PHOTON NEWS JSR : मानगो के बाबा तिलका माझी (डिमना) चौक स्थित पत्थलगड़ी को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने और भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका माझी की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण को लेकर शुक्रवार को अंचल कार्यालय मानगो, डिमना में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने की। इस वार्ता में बाबा तिलका माझी स्मारक समिति के सचिव मदन मोहन सोरेन, अध्यक्ष रमेश मुर्मू, दीपक रंजीत सहित समिति के अन्य सदस्य तथा एच.जी. इंफ्रा इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रतिनिधि कृष्ण मोहन मिश्रा और इकबाल मोहम्मद मौजूद थे। पूर्व में हुई बैठक के बाद किए गए कार्यों से स्मारक समिति संतुष्ट नहीं थी, जिसके चलते अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हो सकी थी। शुक्रवार को हुई बैठक में इस मुद्दे पर विस्तृत विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बाबा तिलका माझी चौक के आसपास साफ-सफाई कराई जाएगी। इसके साथ ही चौक में बाबा तिलका मांझी की आदमकद प्रतिमा स्थापित कर उसका समुचित सौंदर्यीकरण किया जाएगा। मदन मोहन सोरेन ने कहा कि संवादहीनता के कारण कार्य प्रभावित हो रहा था। उन्होंने समिति की ओर से आश्वासन दिया कि पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पत्थरगड़ी को जल्द ही अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर दिया जाएगा, ताकि फ्लाईओवर निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल सके। इस दौरान फ्लाईओवर निर्माण के दौरान एनएच पर डिमना चौक से डेंटल कॉलेज तक उड़ रही अत्यधिक धूल से परेशानी का मुद्दा भी उठा।

क्राइम शहर में बढ़ी चोरी की वारदात, बंद घरों से गहने पार कर रहे चोर

सोने की कीमतों में उछाल के बाद जेवरात पर गड़ी चोरों की निगाहें

MUJTABA RIZVI @ JSR : जब से सोने की कीमतों में उछाल आया है, चोरों की निगाहें जेवरात पर गड़ गई हैं। चोर बंद घरों में अलमारी के लॉकर तक को निशाना बना रहे हैं। लौहनगरी में चोरों के हौसले इस कदर बढ़े हुए हैं कि दिनदहाड़े चोरी हो रही है और पुलिस रोक नहीं पा रही है। हालात यह है कि बैंक के लॉकर तक सुरक्षित नहीं हैं। यहां रखा सोना भी चोरों के हत्थे चढ़ जाता है।

घरों में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन चोरी हो रही है। शायद ही कोई दिन हो जब ऐसी कोई घटना नहीं हो। इन घटनाओं की वजह से लोग दहशत में हैं। लोगों की गाढ़ी-कमाई चोर पार कर रहे हैं। पुलिस ने चोरी की कुछ बड़ी वारदातों का खुलासा कर लिया है। मगर, वह घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रही है। कई ऐसी घटनाएं भी हैं जिनका अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। इससे लोगों में नाराजगी है। चोरों के अलावा, उचक्के भी सक्रिय हैं। हालांकि, पुलिस चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में जुट जाती है। सीसीटीवी कैमरों को खंगाल कर घटना का खुलासा कर दिया जाता है। मगर, कई घटनाएं ऐसी हैं जिनमें सीसीटीवी फुटेज नहीं मिल पाता।

तकनीकी इनपुट नहीं मिल पाने की वजह से इन घटनाओं का पदार्फाश नहीं हो पाता। इससे चोरों का मन बढ़ जाता है और वह अगली वारदात को अंजाम देने की प्लानिंग कर लेते हैं। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष का कहना है कि पुलिस पूरी तरह चाक-चौबंद है। अधिकतर घटनाओं का फौरन खुलासा कर दिया जाता है। पुलिस ने घटना को अंजाम देने से पहले भी बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

हाल ही में हुई चोरी की बड़ी घटनाएं

- 23 दिसंबर की रात चोरों ने गोविंदपुर के पटेल नगर में कृष्णा प्रसाद के घर को निशाना बनाया। चोर यहां से लगभग तीन लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व नकदी पार कर ले गए हैं।
- 16 दिसंबर की रात चोरों ने बर्मामाइंस की दीपू बस्ती की रहने वाली राखी पात्रो के घर को निशाना बनाया था। यहां से चोर मोबाइल के साथ ही 12 हजार रुपये नकद पार कर ले गए थे। अगले ही रात 17 दिसंबर को चोरों ने टाटा स्टील कर्मी रामचंद्र दास के क्वार्टर को निशाना बनाया। यहां से चोर लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पार कर ले गए। पुलिस अब तक इस घटना का खुलासा नहीं कर पाई है।
- 06 दिसंबर को चोरों ने कदमा के बीएच एरिया में दिनदहाड़े बासू के घर को निशाना बनाया। यहां से चोरों ने तकरीबन 15 लाख रुपये कीमत के गहने पार कर दिए थे। बासू घर में ताला बंद कर अपने बड़े पापा से मिलने गए थे। वहां से घर लौटे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और चोरों ने जेवरात पार कर दिए हैं।
- कदमा में ही चोरों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि उन्होंने फार्म एरिया स्थित श्री श्री महावीर मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। हालांकि, पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।
- 10 सितंबर को सोनारी में चोरों ने सोनिया वर्मा के घर पर धावा बोल कर यहां से लगभग 15 लाख रुपये कीमत के गहने पार कर दिए थे। यहां चोरी की घटना तब हुई जब सोनिया किसी काम से छत्तीसगढ़ गई थीं।

बीजों का सुरक्षित भण्डारण

पिंकी शर्माए पूनम यादव
पादप व्याधि विभाग, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविद्यालय, जोबनेर-303329

कृषि में उन्नत बीज का स्थान सर्वोपरि है क्योंकि उन्नत खेती को नीव एक अच्छे बीज पर ही आधारित है अतः बीजों का उचित भण्डारण बहुत जरूरी है। बीज पैदा करके उसे बोने तक भण्डारण का महत्वपूर्ण स्थान है। भण्डारित किये गये बीजों में ज्यादात्तर नुकसान कीटों द्वारा ही होता है। इसके अलावा चूहें, चिड़िया, दीमक एवं फफूंद आदि द्वारा भी नुकसान होता है। बीजों में कीट पैदा होने से बीजों की अंकुरण क्षमता, ओज एवं गुणवत्ता पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ता है। इससे खराब बीज न तो बाने लाइक और न ही खाने लाइक रहता है। इसलिए बीजों का भण्डारण पूरी सावधानी एवं देखरेख के साथ करनी चाहिए।

भण्डारित बीजों का नुकसान निम्न कारकों पर निर्भर करता है

1. बीज में अधिक आर्द्रता का होना।
2. खेत से ही सक्रमणित बीजों का भण्डारण
3. कीटों द्वारा संक्रंमणित भण्डारण
4. भण्डारण के दौरान ताप एवं नमी में वृद्वि
5. भण्डारण में ऑक्सीजन की उपलब्धता

हमारे देष में अधिकतर किसान बीज स्वयं भण्डारित करते है और उनमें से अधिकतमर बीजों का नुकसान कीटों से होता है। इन भण्डारित कीटों (खपरा, सुरसुरी, घून, पंतगा, तीली आदि) को लगभग सभी किसान जानते है परन्तु इन कीटों के प्रकोप से बचने के लिए उचित भण्डारण एवं नियन्त्रण पर ध्यान देकर होने वाले भौतिक नुकसान के साथ-साथ बीज की अकुंरण क्षमता एवं ओज को भी बरकरार रख सकते हे।

बीजों में लगने वाले प्रमुख कीट:-

भण्डारण के दौरान कीटों की लगभग चार दर्जन प्रजातियॉ बीजों को नुकसान पहुंचाती है। जिनमें से 10-15 प्रजातियॉ ज्यादा महत्वपूर्ण है। विभिन्न प्रकार के कीटों द्वारा विभिन्न प्रकार बीजों का नुकसान किया जाता है जिनमें से कुछ दानों को बाहर से खाते है। एवं कुछ अन्दर रहकर खाते हैं, जिनमें से प्रमुख कीट निम्नलिखित है।

1. टनाज की फसलों के बीज:- सूंड वाली सुरसुरी (सिटोफिलस, ओरायजी), चावल की सुरसुरी (ओराइजीफिलस सुरी नामेनसिस), गोदाम का पंतगा (कैडरा कॉटेला), मक्का का पंतगा (कोरसाइरा सिफैलोनिका), आटे का कीट (ट्राइबोलियम कैस्टेनियम), एवं खपरा बीटल (ट्रोगोडरमा ग्रेनेरियम)
2. दलहनी फसलों के बीज:- ढोरा (चार प्रजातियॉ- कैलोसोब्रुकस मैकुलेटस, कै. चाइनेनसिस, कै. एनालिए एवं ब्रुकस पाइसोरम घुन (राइजोपरथा डोमिनिका), खपरा बीटल (ट्रोगोडरमा ग्रेनेरियम), चावल पंतगा (कोरसाइरा सिफैलेनिका), एवं गोदाम का पंतगा (केडरा कॉटेला) समय छाया में सुखाकर बोरों या थैलियों में भरकर भण्डारित करना चाहिए।
3. बीजों में उचित नमी:- बीजों को भण्डारित करने से पूर्व यह जॉच कर ले कि बीजों में सामान्यतः 10 प्रतिषत से अधिक नमी न हो, लेकिन मूँगफली एवं सरसों में 7 प्रतिषत एवं धान में 12 प्रतिषत एवं अरण्डी में 8 प्रतिषत से अधिक नमी नही होनी चाहिए।
4. भण्डारण कक्ष/पात्र को कीट मुक्त करना:- बीजों को जिस किसी कक्ष या पात्र में भण्डारित करना हो उसे भण्डारण पूर्व कीट मुक्त करना चाहिए। यदि भण्डारण कमरे या गोदाम में करना है तो उसे अच्छी तरह साफ करके मैलाथियान, क्लोरोपाइरीफॉस की 1 लीटर मात्रा 100 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। यदि बीज को मटके में भण्डारित करना हो तो मटके के अन्दर व बाहर 10 मि.ली. मैलाथियान का छिड़काव करें।
5. बीज भण्डारण के पश्चात् बीजों कें नमी की वृद्वि रोकना एवं प्रघूमन करना:- बीज भरे बोरों या थैलियों को लकड़ी के तख्ते या पॉलीथीन चादर या बॉस की चटाई पर रखना चाहिए ताकि उनमें नमी का प्रवेष न हो।। वर्षा ऋतु में भण्डारगृह में भण्डारित बीज होने के कारण कीटनाषी द्वारा उपचारित नही किया गया तो खेत से आये कीटों को नष्ट करने हेतु बीज को एल्युमिनियम फॉसफाइड से 6-9 ग्राम मात्रा प्रति टन बीज के हिसाब से प्रधूमित करना चाहिए।
6. कीट प्रकोप पर निगरानी एवं कीटनाषी का छिड़काव:- भण्डार कक्ष को प्रत्येक 15 दिन में एक बार जरूर देखना चाहिए ताकि बीज में कीट या फर्ष पर कोई जीवित कीट दिखइा देने पर समय पर आवष्यकतानुसार कीटनाषी का छिड़काव या प्रधूमन किया जा सकें। सामान्यतः भण्डार कक्ष एवं बोरों पर 15 दिन के अन्तराल पर मैलाथियान, क्लोरोपाइरीफॉस की 1 लीटर मात्रा 100 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। बीज भण्डारण में प्रधूमन द्वारा कीटों से बचाव छिड़काव की अपेक्षा अधिक लाभकारी हैं इसलिए प्रधुमन का ही अधिकतम प्रयोग करें।

सावधानियॉ

1. बीजोपचार करते समय कीटनाषी को खुले हाथों से न छुए बल्कि किसी ड्रम में डालकर हिलाकर उपचारित करें।
2. उपचारित बोरियों या थैलियों पर स्पष्ट लिखा होना चाहिए।
3. कीटनाषी बच्चों की पहुॅच से दूर रखनी चाहिए।
4. कीटनाषकों का छिड़काव बदल-बदलकर करें।
5. प्रधुमन सदैव प्रभिक्षित व्यक्ति द्वारा ही करवायो।

गोभीवर्गीय में पोषक तत्वों की आवश्यकता

भूरापन या ब्राउनिंग – यह समस्या गोभीवर्गीय फसलों में बोरान की कमी से होता है।

लक्षण – भूरापन में शुरूआत में फूल में जल अवशोषित धब्बे पड़ जाते हैं, जो कि बाद में बड़े हो जाते हैं। इसके बाद तने में भी जल अवशोषित धब्बे पड़ते हैं तथा तना अंदर से खोखला हो जाता है। यदि भूरापन का प्रकोप ज्यादा होता है तो पूरा फूल में कुछ दिन बाद गुलाबी या भूरे रंग के धब्बे पड़ जाते हैं।

उपचार – बोरान की कमी को दूर करने के लिये 10-15 किलो बोरेक्स प्रति हेक्टर भूमि में पौध रोपण के समय देना चाहिए अथवा जब फसल खड़ी हो 0.1 प्रतिशत बोरेक्स घोल का छिड़काव करना चाहिए प्रथम छिड़काव पौध रोपण के दो सप्ताह पश्चात और दूसरा छिड़काव फूल बनने से दो सप्ताह पहले करना चाहिए।

व्हिपटेल – यह लक्षण गोभीवर्गीय फसलों में मालीब्डिनम नामक तत्व की कमी के कारण होता है।

लक्षण – मुख्यतः मालीब्डिनम की कमी अम्लीय भूमि में हो जाती है अर्थात् मालीब्डिनम अनुपलब्ध रूप से हो जाता है, जिससे पौधे इस तत्व का अवशोषण नहीं कर पाते और व्हिपटेल के लक्षण दिखाई देते है, इसमें शुरूआत में पौधे की वृद्धि रुक जाती है और पत्तियाँ सिकुड़ कर सफेद पड़ने लगती हैं तथा कुछ दिन बाद पत्तियां अपना आकार खो देती हैं और मिडरिब के अलावा शेष भाग सूख जाता है, जिसके कारण इसे सामान्यतः व्हिपटेल कहा जाता है।

उपचार – मालीब्डिनम की कमी को दूर करने के लिए अम्लीयता कम करने के उद्देश्य से 50-70 क्विंटल बुझा चूना प्रति हेक्टर खेत की तैयारी के समय भूमि में मिला देना चाहिए। इसके साथ ही पौध रोपण के पहले 2.5 से 5 किलो सोडियम मालीब्डेट प्रति हेक्टर भूमि में मिला देना चाहिए अथवा खड़ी फसल में 0.05ज सोडियम मालीब्डिट घोल का पौधों पर छिड़काव करना चाहिए।

बटनिंग – बटनिंग की समस्या गोभी वर्गीय फसलों के कई कारणों से होती है जैसे अधिक उम्र के रोप के कारण, नाइट्रोजन की कमी के कारण या समय के अनुसार उचित किस्मों को ना लगाने से ऐसा होता है।

लक्षण – फूलों का विकसित ना होकर छोटा रह जाना बटनिंग कहलाता है। इसमें फूलों का आकार छोटा हो जाता है तथा कम विकसित पत्तियाँ होती हैं।

उपचार – बटनिंग को रोकने के लिये अगेती या पिछेती किस्में अनुशंसित समय पर ही लगाएं, पौधे की वृद्धि चाहे वह नर्सरी में हो या खेत में नहीं रूकनी चाहिए। अधिक सिंचाई न करें। जो पौधा नर्सरी में अधिक दिन के हो उन्हें खेत में न लगाएं और नाइट्रोजन की उचित मात्रा पौधों को समय-समय पर दें।

रेसीयनेस – रेसीयनेस के लक्षण मुख्यतः वातावरण में अनुकूल तापमान की कमी, अधिक नाइट्रोजन देने के कारण तथा अधिक आर्द्रता के कारण होती हैं।

लक्षण – समय से पूर्व अविकसित कली को रेसीयनेस कहते हैं। इसमें फूल की ऊपरी सतह ढीली पड़ जाती है तथा सफेद छोटी कलिका बन जाती है।

उपचार – रेसीयनेस से उपचार के लिये उचित किस्म का चयन करें, समय पर पौधों की रोपाई करें, नाइट्रोजन की उचित मात्रा का प्रयोग करें तथा प्रतिरोधी किस्मों का चयन करें।

बगीचों की स्थापना व प्रबंधन

नवीन उद्यान का विन्यास (लेआउट) कैसे करें-



नवीन उद्यान का विन्यास (रेखांकन) एक बहुत तकनीकी एवं महत्वपूर्ण क्रिया है। सर्वप्रथम क्षेत्रफल नाप लिया जाये तथा उसका क्षेत्रफल ज्ञात करें फिर चयनित फल एवं उसकी प्रजाति के आधार पर निर्धारित करें कि कतार से कतार एवं पौधे से पौधे की दूरी निर्धारित करें। उद्यान रेखांकन करते समय निम्नलिखित उद्यान स्थल निर्धारित करें-

- सड़क एवं मार्ग
- फार्म हाउस (कार्यालय, भंडार, निवास) के लिए स्थल
- सिंचाई पद्धति के लिये पम्प हाउस, नलकूप, कुआं, फार्म पॉंड का स्थान निर्धारित करें। आजकल ड्रिप एवं फव्वारा सिंचाई प्रचलित है। अतः उसके रेखाकंन के लिये स्थल निर्धारित करें।
- जल निकास हेतु नाली आदि निर्माण हेतु स्थल
- पौधों को लगाने का स्थल
- फार्म पर कम्पोस्ट, नाडेप, केंचुआ खाद आदि का स्थल
- बगीचे के लिये स्वयं की रोपणी हेतु भी स्थल निर्धारित करें।

नवीन बगीचे के लिये प्रारंभिक तैयारियां – स्थल निर्धारण के पश्चात भूमि की सप्लाई, सर्वेक्षण, मिट्टी परीक्षण, समतलीकरण, मिट्टी की जुताई, बगीचे के चारों ओर बागड़-तार, पत्थर की दीवार, वायु अवरोध लगाएं.

फल पौध रोपण – फल पौध रोपण की प्रचलित पद्धतियां निम्न प्रकार की है – **वर्गाकार पद्धति** – वृक्ष की आवश्यकता के अनुसार वर्ग का आकार रखा जाता है। इस पद्धति में पौधे वर्ग के कोने पर लगाए जाते हैं।

आयताकार- इस पद्धति में कतार से कतार की दूरी तथा पौधों की दूरी निर्धारित की जाती है॥

त्रिभुजाकार या षटभुजाकार पद्धति।

पंचवृक्षीया गौपूरक पद्धति- यह वर्गाकार की परिवर्तित पद्धति है इसके वर्ग के मध्य से एक और पौधा बनाया जाता है।आजकल संकर प्रजातियां आम में विकसित की गयी है उन्हें कम दूरी पर बनाया जाता। इसके अतिरिक्त हाईडेन्सिटी पद्धति से रोपण ऊंचाई के आधार पर किया जाता है।

कंटूर के आधार पर रोपण – ऊंची-नीची एवं ढाल भूमि में समोच्च (कन्टूर) के आधार पर रोपण किया जाता है।

पौधों की दूरी निर्धारित करना एवं वृक्षों की वृद्धि को ध्यान में रखकर पौध रोपण के लिये गड्ढों का खोदना – यह एक महत्वपूर्ण कार्य है। भूमि में मिट्टी की गहराई को ध्यान में रखते हुए फल चयन करें तथा उसकी भावी वृद्धि एवं विकास को ध्यान में रखते हुए रोपण के लिए गड्ढे वर्गाकार पद्धति से या मिट्टी आकार द्वारा खोदें।

रोपण के लिये पौधों का चयन

- पौधे जो वानस्पतिक तरीके या टिशू कल्चर अथवा बीज से तैयार हो उनकी पूरी विश्वसनीयता की जानकारी प्राप्त करके ही लें। उनकी पे डिग्री ज्ञात कर लें. जब तक शासकीय/ पंजीकृत रोपणी से ही पौधे लें तथा पौधों पर टैग लगा हो।
- प्रत्येक पौधे को देखें कि उसकी जूटी जिसमें पौधों की जड़ पंकी हो वह सही हो। ग्राफ्ट की जड़े सायन एवं रूट स्टाक की मोटाई बराबर हो तथा सही तरीके से जुड़ी हों।
- पौधे की बीमारी आदि से ग्रसित न हों। उनकी आयु आदि ज्ञात कर लें।
- जो पौधे चाहे ग्राफ्ट हो,गूटी कलम आदि जैसे भी हो उन्हें भली-भांति परख लें तथा एक सप्ताह तक क्यारी में उतार कर रखें। जो पौधे सही तरह के स्वस्थ हों उन्हें ही लगायें।
- पौधे लगाते समय पौधा गड्ढे के बीज में सीधा लगाया जाये। जड़ को दोनों हाथों से ढीला बांध भली-भांति गड्ढे की मिट्टी के साथ दवाएं जिससे वह भली-भांति स्थिर हो जावे सिंचाई करें। रोपण क्रिया जुलाई, अगस्त, सितम्बर या फरवरी मार्च में लगायें। उसकी सुरक्षा करें तथा कुछ पौधे पृथक रखें जिससे मृदा पौधों के स्थान पर रोपण करें।

फल देने वाले बगीचों का प्रबंधन- जो पौधे फलन स्थिति या किशोर अवस्था में हो उनकी देखभाल एवं वांछित औद्योगिक क्रियाएं क्षेत्र के लिये अनुशंसित विधि से करें। जैसे- कांटछांट का कृन्तन क्रिया कृषि क्रियाएं अनुशंसित खाद एवं उर्वरक निर्धारित मात्रा में डालें, तने को पानी के सम्पर्क में सीधे न आने दें इसलिये उनकी आयु के अनुसार मिट्टी जड़ के ऊपर लगाये, समय पर सिंचाई, निंदाई तथा पौध संरक्षण उपाय करें। फलों की तुड़ाई करें। आम के वृक्षों पर माम फोर्मेशन हो उसे काटकर पृथक करें। जिन पौधों के तने कमजोर हो उन्हें सहारा दें। पौधे के मूल वृन्द से निकलने वाली शाखाओं को काट दें। पौधोंको सही आकार देने के लिए कटाई, छंटाई जरूरी है।

अरावली की चिन्ताः नारे से आगे, अस्तित्व की लड़ाई

ललित गर्ग

आज देशभर में अरावली के संरक्षण को लेकर आंदोलन हो रहे हैं। ये आंदोलन इस बात का संकेत हैं कि समाज अब खामोश नहीं रहना चाहता। नागरिकों, पर्यावरणविदों, न्यायपालिका और नीति-निमार्ताओं के बीच संवाद आवश्यक है। यह समय भावनात्मक नारों से आगे बढ़कर ठोस नीतिगत निर्णय लेने का है-खनन पर पूर्ण प्रतिबंध, पुनर्वनीकरण, जल संरक्षण परियोजनाएं और स्थानीय समुदायों की भागीदारी। बीज अगर आज प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्यार का बोए जाएंगे, तो कल स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित भविष्य का फल मिलेगा। अरावली बचेगी तो भारत खुशहाल रहेगा, यह केवल कविता की पंक्ति नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक सत्य है।

अरावली पर्वत श्रृंखला की नई परिभाषा को लेकर उठा विवाद अब जन-आन्दोलन का रूप ले रहा है। इसी के अन्तर्गत अरावली बचाओ की चिन्ता- यह केवल भावनात्मक आह्वान नहीं, बल्कि भारत के पर्यावरणीय भविष्य की जीवनरेखा है। गुजरात से लेकर दिल्ली तक फैली अरावली पर्वतमाला पृथ्वी की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है। यह पर्वत केवल पत्थरों का ढेर नहीं, बल्कि जल, जंगल, जैव-विविधता, जलवायु संतुलन और मानव जीवन के लिए एक प्राकृतिक कवच है। आज जब खनन, शहरीकरण और विकास की आड़ में इस पर्वतमाला को टुकड़ों में बांटने की कोशिशें हो रही हैं, तब यह प्रश्न केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि मनुष्य जाति के अस्तित्व का बन गया है। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि अरावली को लेकर सरकारों की चिन्ता व्यर्थ न जाये, कोई सकारात्मक रंग लाए। पहाड़ी इलाकों के खनन, उपेक्षा एवं लोभवृत्ति पर विचार करना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सरकारों की उपेक्षा की वजह से अरावली के बड़े हिस्से का खनन ही नहीं हुआ, आमजन एवं प्रकृति-पर्यावरण रक्षा का यह कवच ध्वस्त भी हुआ है।

अरावली की आयु भूगर्भीय दृष्टि से करोड़ों वर्षों में आंकी जाती है। यह हिमालय से भी पुरानी है। यही कारण है कि अरावली का स्वरूप अपेक्षाकृत निचला और क्षरित दिखाई देता है, किंतु इसका महत्व कहीं अधिक गहरा है। राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली के बड़े हिस्सों में वर्षा जल का संचयन, भूजल रिचार्ज और मरुस्थलीकरण पर नियंत्रण अरावली के कारण ही संभव है। थार मरुस्थल को पूर्व की ओर बढ़ने से रोकने में अरावली की भूमिका किसी अदृश्य दीवार की तरह है। आज के समय में पर्यावरणीय संकट बहुआयामी हो चुका है-जल संकट, वायु प्रदूषण, जैव-विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तन और अनियंत्रित शहरी विस्तार। इन सभी चुनौतियों का एक साझा समाधान अरावली जैसी प्राकृतिक संरचनाओं का संरक्षण है। दुर्भाग्यवश, खनन और निर्माण गतिविधियों ने इस पर्वतमाला को गहरे घाव दिए हैं। पत्थर, संगमरमर और अन्य खनिजों के लिए की जा रही अंधाधुंध खुदाई ने न केवल पहाड़ों को खोखला किया है, बल्कि आसपास के गांवों, नदियों और जंगलों को भी संकट में डाल दिया है। लगातार संकट से घिर रही अरावली को बचाने के लिये एक याचिका 1985 से न्यायालय में विचाराधीन है। हालांकि इस याचिका का ही नतीजा है कि अरावली का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा संरक्षित श्रेणी में आता है। वैसे अब समय आ गया है कि अरावली को पूरी तरह से खनन-मुक्त रखने का फैसला किया जाये। अब भी खनन जारी रहा तो उससे होने वाले लाभ से कई गुणा ज्यादा कीमत हमें पर्यावरण के मोर्चे पर चुकानी पडेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने समय-समय पर अरावली के संरक्षण को लेकर गंभीर टिप्पणियां की हैं। न्यायालय का दृष्टिकोण स्पष्ट रहा है कि पर्यावरणीय संतुलन को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर रोक लगनी चाहिए और विकास के नाम पर प्रकृति के विनाश को वैधता नहीं दी जा सकती। इसके बावजूद, विभिन्न स्तरों पर नियमों की व्याख्या और पुनर्व्याख्या के जरिए खनन को अनुमति देने के प्रयास होते रहे हैं। विशेष रूप से '100 मीटर ऊंचाई' जैसे मानदंडों के आधार पर पर्वतों को परिभाषित करना और उससे नीचे की संरचनाओं को खनन योग्य मानना एक खतरनाक प्रवृत्ति है। यह तर्क न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से कमजोर है, बल्कि पर्यावरणीय समझ के भी विपरीत है। खनन की वजह से अरावली की छलनी हो चुकी है।

पर्वत केवल ऊंचाई से नहीं पहचाने जाते, बल्कि उनके भूगर्भीय ढांचे, जलधारण क्षमता और पारिस्थितिकी तंत्र से उनकी पहचान होती है। 100 मीटर से कम ऊंचाई वाले पहाड़ भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने ऊंचे पर्वत। यदि इस तर्क को स्वीकार कर लिया जाए, तो धीरे-धीरे पूरी अरावली को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर समाप्त किया जा सकता है। यह दृष्टिकोण अल्पकालिक आर्थिक लाभ को दीर्घकालिक पर्यावरणीय सुरक्षा से ऊपर रखता है। राजस्थान सरकार की कुछ पहलें संरक्षण की दिशा में सराहनीय कही जा सकती हैं, जैसे वन क्षेत्रों की अधिसूचना, अवैध खनन पर कार्रवाई और पर्यावरणीय स्वीकृतियों की सख्ती। किंतु इन प्रयासों के समानांतर ऐसी नीतिगत ढील भी दिखाई देती है, जो खनन और रियल एस्टेट गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर यह तर्क दिया जाता है कि नियंत्रित खनन से विकास संभव है। परंतु अनुभव बताता है कि 'नियंत्रित' शब्द व्यवहार में अक्सर अर्थहीन हो जाता है। भले ही वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव स्पष्टीकरण दे रहे हैं कि सिर्फ 277 वर्ग किमी में ही खनन की अनुमति है। उन्होंने आश्वस्त किया है कि नई परिभाषा से खनन बढ़ेगा नहीं, बल्कि अवैध खनन रूकेगा।

विकास और पर्यावरण को आमने-सामने खड़ा करना एक पुरानी भूल है। सच्चा विकास वही है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बैठाकर हो। अरावली का संरक्षण विकास विरोधी कदम नहीं, बल्कि दीर्घकालिक विकास की शर्त है। जिन क्षेत्रों में अरावली को नुकसान पहुंचा है, वहां जल स्तर गिरा है, तापमान बढ़ा है और जैव-विविधता घट गई है। दिल्ली-एनसीआर की जहरीली हवा और जल संकट में अरावली के क्षरण की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अरावली में वन्यजीव लगभग खत्म होने को है। खनन के विकल्प पर विचार करना होगा। खनन मुख्यत पत्थर के लिये होता है और पत्थरों से सुन्दर घर बनाने की परम्परा सदियों से चली आ रही है, इस परम्परा पर नये सिरे से चिन्तन करने की अपेक्षा है। घर या इमारत बनाने के दूसरे संसाधन पर सोचना होगा। जिनसे मकान तो बहुत बन जायेंगे, पर कटने वाले पहाड़ फिर कभी खड़े नहीं होंगे। पर्यावरण एवं प्रकृति रक्षक ये पहाड़ कहां से लायेंगे? सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली के साथ-ही-साथ उत्तराखण्ड में भी जंगलों में हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ चिन्ता का इजहार किया है। लेकिन अदालतों के साथ सरकारों को भी पर्यावरण, प्रकृति, पहाड़, पहाड़ी जंगलों एवं वन्यजीवों पर कड़ा रुख अपनाना होगा और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता में रखना होगा।

तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो विश्व के अनेक देशों ने अपनी प्राचीन पर्वतमालाओं और प्राकृतिक संरचनाओं को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में संरक्षित किया है। यूरोप में आल्प्स, अमेरिका में रॉकी पर्वत और चीन में पीली नदी के बेसिन क्षेत्र इसके उदाहरण हैं। इन क्षेत्रों में खनन और निर्माण पर कठोर नियंत्रण है, क्योंकि वहां यह समझ विकसित हो चुकी है कि प्रकृति की कीमत पर आर्थिक समृद्धि टिकाऊ नहीं होती। भारत में भी इस सोच को अपनाने की आवश्यकता है। अरावली केवल जल का स्रोत नहीं है; यह जैव-विविधता का आश्रय है। यहां पाए जाने वाले वनस्पति और जीव-जंतु पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जंगलों की कटाई और पहाड़ों की खुदाई से वन्यजीवों का आवास नष्ट होता है, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ता है। यह समस्या केवल पर्यावरणीय नहीं, सामाजिक भी है।

आज देशभर में अरावली के संरक्षण को लेकर आंदोलन हो रहे हैं। ये आंदोलन इस बात का संकेत हैं कि समाज अब खामोश नहीं रहना चाहता। नागरिकों, पर्यावरणविदों, न्यायपालिका और नीति-निमार्ताओं के बीच संवाद आवश्यक है। यह समय भावनात्मक नारों से आगे बढ़कर ठोस नीतिगत निर्णय लेने का है-खनन पर पूर्ण प्रतिबंध, पुनर्वनीकरण, जल संरक्षण परियोजनाएं और स्थानीय समुदायों की भागीदारी। बीज अगर आज प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्यार का बोए जाएंगे, तो कल स्वच्छ हवा, पर्याप्त जल और सुरक्षित भविष्य का फल मिलेगा। अरावली बचेगी तो भारत खुशहाल रहेगा, यह केवल कविता की पंक्ति नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक सत्य है। धरती मां की रक्षा करना हमारा अधिकार ही नहीं, कर्तव्य भी है। यदि आज हमने लालच को प्राथमिकता दी, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। अंततः, अरावली का सवाल केवल एक पर्वतमाला का नहीं, बल्कि उस सोच का है जो विकास को विनाश से अलग देखती है। इतिहास उन्हीं समाजों को याद रखता है, जिन्होंने प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर प्रगति की। आइए, हम भी वही इतिहास लिखें, जहां हर आवाज शोर बने और अरावली के साथ जीवन भी भरपूर सुनिश्चित हो।

संपादकीय

बीमा कंपनियां क्यों निवेश बढ़ाएंगी?

भारत में 2.8 प्रतिशत लोगों के पास जीवन बीमा और एक फीसदी लोगों के पास सामान्य बीमा पॉलिसी है। प्राइवेट स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी धारकों की संख्या पांच प्रतिशत से कम है। बाकी लोग पॉलिसी का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के मद्देनजर केंद्र ने हाल में अनेक ऐसे फैसले लिए हैं, जिनके जरिए संदेश भेजने की कोशिश हुई है कि नरेंद्र मोदी सरकार तीव्र गति से अगले चरण के आर्थिक सुधारों को लागू कर रही है। इस दिशा में जीएसटी दरों में हेरफेर और चार श्रम संहिताओं पर अमल के बाद अब बीमा क्षेत्र में उदारीकरण का बड़ा फैसला लिया गया है। कैबिनेट ने नए बीमा विधेयक को मंजूरी दी है, जिसके तहत इस क्षेत्र को 100 फीसदी विदेशी निवेश के लिए खोला जाएगा। साथ ही इस क्षेत्र में निवेश संबंधी अनेक प्रमुख शर्तों को आसान करने का निर्णय लिया गया है। आशा की गई है कि इससे बड़े पैमाने पर बाहरी निवेश आएगा, जिससे कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में लगातार हालिया गिरावट से उपजी समस्या से राहत मिलेगी। लेकिन क्या सचमुच ऐसा होगा? अगर पिछले अनुभव पर ध्यान दें, तो इसकी संभावना कम लगती है। 2021 में केंद्र ने बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ा कर 49 से 74 फीसदी की थी। मगर उससे फैसले से विदेशी बीमा कंपनियां भारत की ओर आकर्षित नहीं हुईं। ना ही भारतीय कंपनियों के साथ साझा उद्यम में उनके निवेश में कोई ठोस बढ़ोतरी हुई। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक जब से बीमा क्षेत्र को विदेशी निवेश के लिए खोला गया, लगभग 82 हजार करोड़ रुपये का बाहरी निवेश आया है। लेकिन यह अधिकांशतः भारतीय कंपनियों के साथ साझा उद्यम में आया। मुमकिन है, ताजा फैसले से वैसे निवेश में कुछ बढ़ोतरी हो। मगर भारतीय बीमा बाजार के मूल ढांचे में किसी गुणात्मक परिवर्तन की संभावना कम ही है। इसका कारण इस बाजार का सीमित आकार है। भारत में 2.8 प्रतिशत लोगों को जीवन बीमा सुरक्षा हासिल है। सामान्य बीमा की पैठ तो महज एक फीसदी आबादी तक है। प्राइवेट स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी धारकों की संख्या भी पांच प्रतिशत से कम ही है। बाकी लोगों की जेब किसी तरह की बीमा पॉलिसी का बोझ उठाने में सक्षम नहीं है। जब तक यह सूरत नहीं बदलती, बीमा कंपनियां क्यों निवेश बढ़ाएंगी? यह स्थिति कैसे बदले, इसकी कोई दृष्टि सरकार ने सामने नहीं रखी है।

चिंतन-मनन

ईश्वर के दर्शन

सरस्वती चंद्र तीर्थयात्रा पर जा रहे थे। लंबे और कठिन सफर को देखते हुए साथ में बर्तन, भोजन और जरूरत का अन्य सामान भी था। रास्ते में एक गांव पार करते हुए वह वहां के एक वीरान मंदिर में रुक गए। पहले तो सोचा कि यहां कोई नहीं होगा पर मंदिर के अंदर गए तो देखा एक बीमार वृद्ध कराह रहे हैं। उनकी हालत देख लगता था कि उन्होंने काफी दिनों से कुछ खाया न हो। सरस्वती चंद्र को उन पर दया आ गई। उन्होंने कुछ समय वहीं रुककर उनकी सेवा करने का फैसला किया। उन्होंने अपने कपड़े उस वृद्ध सज्जन को पहना दिए। अपने सारे बर्तन मंदिर के उपयोग के लिए रख दिए। अपना भोजन भी उन्हें खिला दिया। फिर आसपास से फल और कुछ औषधियां ले आए।

खाली समय में सरस्वती चंद्र मंदिर की सफाई में लगे रहते। इस तरह मंदिर का कायाकल्प हो गया। इधर वृद्ध सज्जन धीरे-धीरे स्वस्थ होने लगे। कुछ दिनों के बाद सरस्वती चंद्र बिना तीर्थधाम गए ही घर वापस आ गए। घर वालों ने इस तरह आने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि रास्ते में ही उन्हें ईश्वर के दर्शन हो गए। इसलिए आगे जाने की उन्होंने कोई आवश्यकता ही नहीं समझी और लौट आए। इधर मंदिर के पुनरोद्धार हो जाने से लोग वहां फिर से आने-जाने लगे। इस तरह सूने पड़े मंदिर में रौनक लौट आई। वहां वह वृद्ध सज्जन हर किसी को यह बताते थे कि एक दिन यहां ईश्वर आए थे। उन्होंने ही इस मंदिर को तीर्थ बनाया और मुझे जीवन-दान दिया।

त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक गुरू गोबिंद सिंह

योगेश कुमार गोयल

सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व इस वर्ष 27 दिसंबर को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी को बचपन में गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पटना में रहते हुए गुरू जी तीर-कमान चलाना, बनावटी युद्ध करना इत्यादि खेल खेला करते थे, जिस कारण बच्चे उन्हें अपना सरदार मानने लगे थे। पटना में वे केवल 6 वर्ष की आयु तक ही रहे और सन् 1673 में सपरिवार आनंदपुर साहिब आ गए। यहीं पर उन्होंने पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह जी को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। वे कहते थे कि किसी भी व्यक्ति को न किसी से डरना चाहिए और न ही दूसरों को डराना चाहिए। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी।

'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी। कहा जाता है कि एक बार गुरु गोबिंद सिंह अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा'' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं।

1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को ह्यपंज प्यारेह्ल चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में गुरु गोबिंद सिंह ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। गुरु जी का जीवन दर्शन था कि धर्म का मार्ग ही सत्य का मार्ग है और सत्य की हमेशा जीत होती है। वे कहा करते थे कि मनुष्य का मनुष्य से प्रेम ही ईश्वर की भक्ति है, अतः जरूरतमंदों की मदद करो। अपने उपदेशों में उनका कहना था कि ईश्वर ने मनुष्यों को इसलिए जन्म दिया है ताकि वे संसार में अच्छे कर्म करें और बुराई से दूर रहें।

उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। सन् 1700 में दस हजार से भी ज्यादा मुगल सैनिकों को सिख जांबाजों के सामने मैदान छोड़कर भागना पड़ा था और गुरु जी की सेना ने 1704 में मुगलों के अलावा उनका साथ दे रहे पहाड़ी हिन्दू शासकों को भी करारी शिकस्त दी थी। मुगल शासक औरंगजेब की भारी-भरकम सेना को भी आनंदपुर साहिब में दो-दो बार धूल चाटनी पड़ी थी। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। गुरु गोबिंद सिंह ने 7 अक्टूबर 1708 को महाराष्ट्र के नांदेड़ में स्थित श्री हुजूर साहिब में अपने प्राणों का त्याग किया था।

पूरी दुनिया गांधी की कायल, पर हम नाम मिटाने में मशगूल

दिलीप कुमार पाठक

मनरेगा से गांधी जी के नाम को हटाना केवल और केवल घटिया राजनीति का नमूना है, ये देश दुनिया के लिए हैरान करने वाला है ' क्या गांधी का नाम इतना भारी था कि उसे हटाना पड़ा? आज संपूर्ण विश्व न केवल महात्मा गांधी को नमन करता है, बल्कि उनके सिद्धांतों को जीवन के आधार स्तंभ के रूप में स्वीकार करता है। वे मात्र एक ऐतिहासिक पुरुष नहीं, बल्कि एक शाश्वत वैश्विक आइकन हैं, जिनके विचार समय की सीमाओं को लांघकर हर युग में प्रासंगिक बने हुए हैं।

विश्व के महानतम विभूतियों की श्रेणी में गांधी जी का नाम सर्वोच्च सम्मान के साथ अंकित है। उनके विचार आज भी मानवता के लिए एक मशाल की तरह हैं, जो घृणा और हिंसा के अंधकार में शांति, सत्य और अहिंसा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। गांधी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि एक विश्व-पथप्रदर्शक हैं। अपनी अडिग विचारधारा और नैतिक बल के कारण वे सीमाओं से परे, विश्व के करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते हैं। उनकी विरासत आज भी एक बेहतर और न्यायपूर्ण दुनिया के निर्माण की प्रेरणा देती है। गांधी जी कितने महान हैं इस बात से समझा जा सकता है कि जब भारत में जी - 20 समिट हुआ तब दुनिया के शीर्ष नेताओं ने नंगे पैर जाकर गांधी जी के समाधि स्थल राजघाट पर श्रद्धांजलि अर्पित की थी, आज भी जब दुनिया का कोई शीर्षस्थ इंसान आता है तो वो सबसे पहले गांधी जी को प्रणाम करने आता है, क्योंकि हमारे देश में गांधी जी से ज़्यादा सुन्दर, विराट, अतुलनीय विरासत कुछ और नहीं है ' महात्मा गांधी की वैचारिक आभा आज संपूर्ण विश्व में दैदीप्यमान है। वर्तमान में दुनिया के 100 से अधिक देशों में उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो इस बात का प्रमाण हैं कि वे आधुनिक इतिहास की उन विरलतम हस्तियों में शुमार हैं जिनकी स्मृतियों को विदेशों ने सर्वाधिक सम्मान के साथ संजोया है। 2025 तक के नवीनतम आंकड़ों और सूचना के अधिकार (आरटीआई) के अनुसार, विश्व के कम से कम 102 राष्ट्रों में बापू की मूर्तियां और स्मारक श्रद्धा का केंद्र बने हुए हैं। इनमें से 82 देशों में उनकी भव्य पूर्ण आकार की प्रतिमाएं राष्ट्रपिता के कद की वैश्विक स्वीकृति को दशार्ती हैं। अमेरिका वह राष्ट्र है जहाँ भारत के बाहर गांधी जी के सर्वाधिक स्मारक स्थित हैं। इसके अतिरिक्त ब्रिटेन, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, रूस, चीन, स्विट्जरलैंड और अर्जेंटीना जैसे शक्तिशाली देशों के प्रमुख नगरों में उनकी प्रतिमाएं शांति और सद्भाव का संदेश दे रही हैं। गांधी जी का सम्मान केवल मूर्तियों तक सीमित नहीं है; विश्व के 150 के करीब देशों ने उनके सम्मान में डाक टिकट जारी किए हैं और अनगिनत सड़कों व शैक्षणिक संस्थानों का नामकरण उनके नाम पर किया गया है। लंदन का पार्लियामेंट स्क्वायर, न्यूयॉर्क का यूनियन स्क्वायर और जोहान्सबर्ग की गलियां आज भी उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों की गवाह हैं। आज समूचा विश्व बापू के जीवन दर्शन का अध्ययन कर रहा है। यह भारतवर्ष का परम सौभाग्य और गौरव है कि ऐसे महामानव हमारे पूर्वज रहे हैं, जिन्होंने न केवल भारत को स्वतंत्र कराया, बल्कि पूरी मानवता को जीने की एक नवीन दृष्टि प्रदान की।

पूरी दुनिया जब हमारे पूर्वज गांधी जी को पूज रही है यहां तक कि यूरोप, अमेरिका में गांधी जी को ईसा मसीह की तरह माना जाता है, लेकिन हम कितने कृतघ्न हैं कि हम आज गांधी जी के नाम को योजनाओं से हटा रहे हैं! दुनिया जब इस बात को जानेगी तो हम पर हँसेगी कि इससे कृतघ्न क्या कोई समाज हो सकता है, जिसकी रोज वंदना होना चाहिए, उनके प्रति हम असम्मान जाहिर करें? मोदी सरकार को ध्यान रखना चाहिए कि नाम बदलने से नहीं, गांधी के सिद्धांतों पर चलने से होगा विकसित भारत।

ये बात मैं इसलिए भी कर रहा हूं क्योंकि मोदी सरकार ने मनरेगा यानि गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम से गांधी जी का नाम हटा दिया है, जो सुनकर ही मन कचोट कर रह गया ' नए अधिनियम (VB-G RAM G Act, 2025) के तहत योजना के नाम से महात्मा गांधी हटा दिया गया है। पहले इसकी फंडिंग केंद्र सरकार करती थी, लेकिन अब केंद्र और राज्य की फंडिंग का अनुपात बदल गया है। पहले केंद्र सरकार 90% खर्च उठाती थी, लेकिन अब यह 60% (केंद्र) और 40% (राज्य) कर दिया गया है। अगर राज्यों के पास बजट न हुआ और राज्य सरकारों ने इसे लागू करने से इंकार किया तो सरकार के पास इसका कोई समाधान है? लगता है जैसे मोदी सरकार कोई भी काम सनसनी फैलाने के लिए ही कर रही है क्योंकि निर्णयों में कोई दूरदर्शिता नहीं है, चूंकि कई बार मोदी सरकार ने आलोचनाओं या खुद भी मूल्यांकन के बाद कई बार अपने नियमो, कानूनो को खुद ही बदला है ' परंतु इस बार देश के महान राष्ट्रपिता का नाम देश की सबसे बड़ी जनकल्याण योजना से उनका नाम हटाना घटिया राजनीतिक कुचक्र को दशार्ता है '

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Replacing MGNREGA with G RAM G masks economic failure

In 2011-12, roughly 100 million rural Indians sought work under the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act, which increased to 130 million last year. Expenditure on MGNREGA has increased 2.5 times in the last decade. Contrary to belief, this expansion of the scheme is not something to be proud of. Success of MGNREGA implies a failure of India's economy. And this failure now has been disguised with a new tongue-twister of a name—Viksit Bharat Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission Gramin (VB G RAM G).MGNREGA is a unique, world-class, Nobel Prize-worthy welfare programme whose success lies in its minimal use. Paradoxically called 'employment guarantee', it is, in practice, an unemployment insurance scheme. An individual in utter despair with no means of income can demand work and toil a whole day for minimum wages, guaranteed as a legal right. It is an elegantly designed, demand-based social safety insurance for the truly desperate—not a productive asset-creation scheme—that protected hundreds of millions of poor Indians during Covid.If the nation's economy was robust enough to generate an adequate number of well-paying jobs for unskilled labour, there would be minimal demand for MGNREGA. Only when the economy does not generate enough jobs for India's vast labour force, will an unemployment insurance-type programme see strong demand and growing expenditure.In 2015, Prime Minister Narendra Modi ridiculed the programme. Much to his chagrin, a decade of abysmal economic performance has resulted in a rapid expansion of MGNREGA. The fact that 60 million households demanded and received work under the scheme last year—the highest in a non-Covid year—is a reflection of the grave unemployment situation. The rural poor's demand for work and, consequently, the greater need for MGNREGA funds remain unabated.

